Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 127 | शनिवार, 10 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## तीसरी रात भी हमले

- पाकिस्तान का जम्मू, सांबा और पठानकोट में ड्रोन अटैक
- देशभर के 26 शहरों पर ड्रोन से हमला, देश में हाईअलर्ट

# नापाक पाक के मंनसूबे ध्वस्त

**नई दिल्ली।**

मिसाइल और ड्रोन हमले नाकाम होने से हताश पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार रातभर जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के समीप नागरिक ठिकानों पर भारी गोलाबारी के बाद शुक्रवार को शाम होते बारामुला से भुज तक 26 शहरों में ड्रोन हमले किए।इस दौरान श्रीनगर एयरपोर्ट और अवंतीपुरा एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश हुई। भारत ने इन ड्रोन हमलों को एयर डिफेंस सिस्टम से नाकाम कर दिया। अधिकतर पाकिस्तानी ड्रोनों को मार गिराया गया। भारत के हमलों से बचने के लिए वह अपने एयर स्पेस को ढाल बना रहा है। पाकिस्तान ड्रोन हमलों के साथ ही नौशेरा, पुंछ और कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर मोर्टार और गनों से न केवल नागरिक इलाकों को, बल्कि धार्मिक स्थलों को भी निशाना बना रहा है। भारतीय सेना इसका करारा जवाब दे रही है और पाकिस्तान की हर मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया है। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) ने 9 से 14 मई तक होने वाली अपनी अंतिम इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। आइसीएआइ ने कहा है कि देश में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं



**पुछं में दो ग्रामीणों की मौत, जवान शहीद**

**400**

के करीब ड्रोन हमले गुरूवार रात को भी पाक ने किए थे, भारत ने तकरीबन सभी हमलों को नाकाम कर दिया

पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) ने 9 से 14 मई तक होने वाली अपनी अंतिम इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। आइसीएआइ ने कहा है कि देश में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं चंडीगढ़ में देर रात 1.22 बजे सायरन बजे। देर रात चंडीगढ़ का आकाश फाइटर जेट की गूंज सुनाई दी।

## देश के 32 हवाई अड्डे 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद



**नई दिल्ली।**

श्रीनगर और चंडीगढ़ समेत देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कम से कम 32 हवाई अड्डों को 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है।

इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर इन हवाई अड्डों को 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया था।एयरलाइनों ने शुक्रवार को कहा कि 15 मई तक हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उनकी उड़ानें रद कर दी गई हैं।सूत्रों ने कहा कि 15 मई की सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक कम से कम 32 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है।एअर इंडिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कई हवाई अड्डों के बंद रहने के बारे में विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट के लिए कंपनी की उड़ानें 15 मई को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक रद की जा रही हैं। पटना से चंडीगढ़ और गाजियाबाद के बीच शुक्रवार को भी विमानों का परिचालन नहीं हुआ। सुबह सवा नौ बजे आने वाली इंडिगो की विमान संख्या 6ई6394 चंडीगढ़ से उड़ान नहीं भर सकी। इसी फ्लाइट को पटना से भुवनेश्वर जाना था, फिर यह विमान वापस यहां आता। लिहाजा, पटना-भुवनेश्वर-पटना का परिचालन भी नहीं हो सका।




## श्रीनगर समेत 15 ठिकानों पर सभी ड्रोन हमले नाकाम

**नई दिल्ली।**

भारत के ऑपरेशन सिंदूर और लाहौर में पड़ोसी मुल्क के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के बाद बौखलाए पाकिस्तान के ड्रोन हमले डारी हैं।भारतीय सेना हर तरह क हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए 9 मई को जम्मू क्षेत्र से दिल्ली के लिए तीन विशेष ट्रेनों का संचालन किया। अधिकारियों के अनुसार विशेष सुपरफास्ट ट्रेन (04620) शुक्रवार शाम को जम्मू तवी से 19:10 बजे रवाना हुई और शनिवार तड़के 04:00 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। शुक्रवार सुबह जम्मू से स्पेशल ट्रेन (04612) सुबह 9:40 बजे चलाई गई जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रात करीब नौ बजे पहुंची।? अखनूर में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। धमाकों और सायरन की आवाजें सुनी जा सकती हैं।जामिया मिलिया इस्लामिया ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए 10 और 11 मई को होने वाली अपनी प्रवेश परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित किया है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि जामिया जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए 10-11 मई, 2025 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित करने की घोषणा करता है। यह निर्णय मौजूदा स्थिति और छात्रों की भलाई को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं 26 अप्रैल को शुरू हुईं और 31 मई तक समाप्त होने वाली हैं।कुछ कार्यक्रमों के लिए परीक्षाएं 10 और 11 मई को निर्धारित हैं।

### जम्मू सेक्टर में जोरदार जवाबी कार्रवाई

रक्षा सूत्रों के अनुसार, नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर भारतीय शहरों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के मद्देनजर भारतीय सेना जम्मू सेक्टर में जोरदार जवाबी कार्रवाई कर रही है।

## पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंग



**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की।यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की।

इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की।इससे कुछ ही घंटों पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है।सूत्रों ने बताया कि शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की शुक्रवार को समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित तैयारियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि नियंत्रण केंद्र से पूरी निगरानी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि नड्डा और उनकी टीम ने देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारी का आकलन किया।


- **नड्डा और उनकी टीम ने देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारी का आकलन किया।**

## एलओसी से इस्लामाबाद तक मिलिट्री एक्शन

**नई दिल्ली।**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी बल के प्रमुख रहे लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एसके सैनी का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर ने नए भारत की तस्वीर प्रस्तुत की है।

नया भारत आदर्शवाद से हटकर यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाता है। उड़ी और पुलवामा हमलों के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की थी, लेकिन ये कार्रवाई पाक सीमा तक सीमित थी। वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ रह चुके एसके सैनी ने कहा कि उड़ी या पुलवामा हमले के बाद सेना ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिए जवाबी कार्रवाई की थी, लेकिन पूर्व की कार्रवाई एलओसी के आसपास बने आतंकी ठिकानों तक सीमित थीं।



## भारत के काउंटर अटैक से घबराया पाकिस्तान चीन-ईरान और कतर से मांगी मदद

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि सरकार क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयास में ईरान, यूएई, सऊदी अरब, चीन और कतर सहित अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संपर्क बनाए हुए है।उनकी टिप्पणियां ऐसे समय आईं जब सऊदी अरब के उप-विदेश मंत्री आदिल अलजुबैर नई दिल्ली की यात्रा के बाद इस्लामाबाद पहुंचे हैं। नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए आसिफ ने यह भी दावा किया कि हाल के भारतीय ड्रोन हमले टोही उद्देश्यों के लिए थे, न कि तत्काल हमले के लिए। भारतीय ड्रोन को सुरक्षित सीमा में प्रवेश करने की अनुमति दी गई थी, ताकि संवेदनशील स्थानों से समझौता किए बिना उन्हें रोका और निष्क्रिय किया जा सके। सूचना मंत्री अत्ता तारार ने दावा किया कि बुधवार से गुरुवार शाम तक कम से कम 29 ड्रोन रोके गए और शुक्रवार तक अतिरिक्त 48 ड्रोन मार गिराए गए।



## भारत-पाक के बीच जल्द शांत हो विवाद: ट्रंप

**नई दिल्ली।**

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चिंता जताई। व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं विवाद जल्दी शांत हो।

साथ ही व्हाइट हाउस ने ये भी बताया कि विदेश मंत्री रुबियो दोनों देशों से संपर्क में हैं, शांति की कोशिशें जारी हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मामले में ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव जल्द से जल्द खत्म हो। इस बात की जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बता दें कि यह बयान उस समय आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है। जहां भारत ने बीते बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। मामले में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि यह तनाव जितनी जल्दी हो शांत हो।



## संपादक की कलम से

# ऑटोमोबाइल निर्माण

भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग जिस तेजी से तरक्की कर रहा है वह उल्लेखनीय है। हर साल वह बढ़ोतरी की नई इबारत लिख रहा है। 1982 में भारत में जब मारुति कार अस्तित्व में आई तो जनता ने उसमें बहुत दिलचस्पी दिखाई और वह जन-जन की कार बन गई। नब्बे के दशक में नरसिंह राव के आर्थिक उदारीकरण ने जैसे कि उसमें पंख लगा दिए। उसके बाद कई और विदेशी कंपनियां कार निर्माण के क्षेत्र में आ गईं तो टू व्हीलर के क्षेत्र में भारतीय कंपनी हीरो ने जापानी कंपनी होंडा के साथ मिलकर इस क्षेत्र में भारत को शिखर पर लाकर खड़ा कर दिया। एक के बाद एक विदेशी कंपनियों ने देश में कदम रखा और वाहन निर्माण का काम बढ़ता चला गया। देश के जीडीपी के विकास में हमारे ओटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान रहा। कोरियाई, जापानी ऑटोमोबाइल कंपनियों को भारत निवेश के लिहाज से माकूल लगा और उन्होंने करोड़ों डॉलर का निवेश किया। लेकिन सिर्फ विदेशी ही नहीं भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा भी तेजी से आगे बढ ? लगी। इसका नतीजा हुआ कि 2024 तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उत्पादक देश बन गया। 22 लाख करोड़ की इस इंडस्ट्री ने 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रखा है। यहां बने दोपहिया वाहनों का तो 50 फीसदी निर्यात हो जाता है। यह इंडस्ट्री देश को बड़े पैमाने पर जीएसटी भी देती है। लग्जरी कारों में 28 फीसदी जीएसटी लगता है जिससे सरकार की खूब कमाई होती है। भारत में जिस तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है, वह उल्लेखनीय है। पूरे देश में सडकों का जाल तैयार हो गया है। 2023-24 में देश के अंदर में हर दिन 33 किलोमीटर से अधिक नेशनल हाइवे का निर्माण हुआ है। केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 में कुल 12349 किलोमीटर नेशनल हाइवे बने हैं। सडक परिवहन मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है कि वह हर दिन 100 किलोमीटर हाइवे बनाए। इससे भारत अमेरिका को टक्कर देने की स्थिति में पहुंच जाएगा। देश में सडकें तेजी से बन रही हैं और इस कारण से वाहनों की बिक्री भी बढ़ रही है। अब कहीं भी सडक मार्ग से जाना आसान होता जा रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से यहां की वित्तीय राजधानी मुंबई तक पहले कारों से लोग नहीं जाया करते थे। उसमें 24 घंटे तक की थका देने वाली यात्रा करनी होती थी, लेकिन अब यह 1350 किलोमीटर की दूरी महज 12 घंटे में की जा सकती है। इस तरह की कई सडकें बन गई हैं जिनसे अपने गंतव्य पर पहुंचने में अब आधा समय लगता है और कम ईंधन फुंकता है। इससे सडक परिवहन को बढ़ावा मिला है और वाहनों की बिक्री भी बढ़ी है। देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन भी बढ़ रहा है। विदेशी कंपनियों के अलावा भारतीय कंपनियां टाटा और महिंद्रा के अलावा दो पहिया बनाने वाली कई कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन बनाने लगी हैं। भारत में बनी कारें चीनी कार बावायडी या फिर इलोन मस्क की टेस्ला से काफी सस्ती हैं। इस वजह से इनकी बिक्री भी खूब बढ़ रही है। भारत में काम कर रही अन्य कार निमार्ता कंपनियां जैसे मारुति, हुंडई, एमजी वगैरह भी इलेक्ट्रिक कारें बना रही हैं। इससे इसके बाजार में विस्तार हुआ है और लोगों में दिलचस्पी बढ़ी है। फिलहाल परंपरागत कारों के साथ-साथ इन कारों की बिक्री भी बढ़ रही है। सबसे बड़ी बात है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खेती से दोपहिया वाहनों की भी बिक्री बढ़ी है।



ललित शर्मा
संपादक

# चार धाम यात्रा की ऑनलाइन बुकिंग के दौरान आपके साथ हो सकता है फ्रॉड



अगर आप भी चार धाम यात्रा की बुकिंग कराने की सोच रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन ठगों से बचने के लिए कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। चार धाम यात्रा पर निकलने के लिए श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्राप्त रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक करीब 19 लाख लोगों ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। यात्रा के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही हैं। लेकिन इस दौरान यात्रियों के साथ ठगी होने की खबरें भी सामने आ रही हैं। दरअसल, श्रद्धा की आड़ में कुछ लोग श्रद्धालुओं के साथ ठगी कर रहे हैं।

ऐसे में कहीं आपके साथ भी फ्रॉड न हो जाए, इसके लिए आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ठगी करने वाले लोग होटल से लेकर हेलिकॉप्टर बुकिंग जैसी सुविधाओं पर लोगों से पैसे लूट रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी चार धाम यात्रा की बुकिंग कराने की सोच रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन ठगों से बचने के लिए कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि ठगी करने वाले लोगों ने ऑनलाइन वेबसाइट और एप्स बनाए हैं। जहां पर बजट में बस, होटल और हेलिकॉप्टर की सुविधाएं देते हैं। यह एप्स और वेबसाइट असली मालूम होते हैं और लोग इससे बुकिंग कर लेते हैं। जिसके कारण उनके पैसे डूब जाते हैं। ऐसे में अगर आप बुकिंग करने जा रहे हैं, तो आपको फेक वेबसाइट और ऐप से सावधान और सतर्क रहना चाहिए। आजकल लोगों ने चारधाम यात्रा को धंधा बना दिया है। वहीं सोशल मीडिया पर भी कई तरह से इस ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में एक व्यक्ति से फेसबुक पर हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर 3,600 रुपए लूटे गए। ठग करने वाले खुद को ट्रैवल एजेंसी का बताते हैं, जिससे यात्रियों का नुकसान होता है। इसलिए किसी भी ऑनलाइन वेबसाइट पर भरोसा न करें। इस समय चार धाम यात्रा की पूरी बुकिंग नकली एजेंट करवा रहे हैं। इस दौरान वह चारधाम दर्शन के साथ रहने, खाने और बस-कैब की सुविधा भी दे रहे हैं। इसलिए एजेंट से बुकिंग कराने से पहले उसकी पूरी सत्यता जान लें। चारधाम यात्रा की बुकिंग के समय आपके साथ किसी भी तरह का फ्रॉड न हो, इसके लिए आपको उत्तराखंड सरकार की आधिकारिक वेबसाइट से पैकेज बुक करना चाहिए। वहीं आप ट्रैवल एजेंसियों से भी टिकट बुक कर सकते हैं। वहीं ऑफिशियल वेबसाइट से बुकिंग करने पर आपको किसी भी तरह की ठगी की चिंता नहीं रहेगी। इसलिए सस्ते के चक्कर में अपना नुकसान नहीं करवाना चाहिए। अगर आप चार धाम यात्रा की बुकिंग कराना चाहते हैं, तो आपको उत्तराखंड में स्थित पैकेज कर्ता से बुकिंग करानी चाहिए। इससे आपको अपने साथ ठगी की चिंता नहीं रहेगी। आप चाहें तो खुद ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह हर यात्रियों के लिए फ्री है।

# भारत-पाकिस्तान टेंशन- भारत का ताबड़तोड़ जवाबी एक्शन- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पाकिस्तान के अति तीव्र टेंशन पर लगी हुई है, भारत ने पहलगाम घटना की जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने अनेकों स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिसके जवाब में भारतीय आर्मी ने अनेकों ड्रोन, मिसाइल नाकाम कर दी है, अब हमारा डिफेंस सिस्टम सभी एजेंसयाँ अलर्ट मोड में है, अनेकों राज्यों के अनेकों शहरों में ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है ।लगातार सायरन बज रहे हैं, हमारे पूरे मीडिया के साथी दिन रात पैनी नजर रखे हुए हैं, मैं भी लगातार करीब 20 घंटे पूरी घटनाओं पर नजर रखे हुए हूं। आज सुबह 6 तक संचार माध्यमों में आई पूरी जानकारी के आधार पर यह विशेष रिपोर्ट तैयार किया हूं ।संयुक्त राष्ट्र सहित पूरी दुनियाँ के देश इस टेंशन पर नजर बनाए हुए हैं, पाकिस्तान पर भारत की प्रचंड जवाबी प्रहार जारी है, एलओसी पर मुँहतोड़ जवाबी कार्रवाई की जा रही है, पंजाब राजस्थान जम्मू कश्मीर गुजरात के अनेक शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है। पाक ने अमेरिका से गुहार के बाद अमेरिका ने कहा भारत और पाकिस्तान आपस में निपटो, यानें अमेरिका ने हाथ झटक दिये हैं, मदद से इनकार कर दिया है। पाक द्वारा बॉर्डर पर समझौते के उल्लंघन लगातार कर रहाहै व बिना कारण जोरदार फायरिंग कर रहा है तथा भारत की जवाबी कार्रवाई से खलबली मची हुई है ।चूँकि भारत द्वारा डिफेंस सिस्टम सहित लाहौर पेशावर के बाद अब कराची पोर्ट को भी तबाह कर दिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में खलबली, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम सहित कई पोर्ट तबाह कर दिए गए हैं। व भारत-पाकिस्तान टेंशन, भारत का ताबड़तोड़ जवाबी एक्शन, छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं।

इन हमलों में कराची पोर्ट बताया जा रहा है की पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने पहले ही आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात कर रखा है भारत–पाकिस्तान तनाव से जुड़े जरूरी अपडेट्स ।(1) पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कुपवाड़ा और बारामूला में भारी फायरिंग हो रही है। भारतीय सेना जवाब दे रही है। (2) सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। (3) पाक की तरफ से हो रहे हमलों को देखते हुए जम्मू में सीमा के पास रह रहे लोगों को बंकर में ले जाया गया है। पूरे कश्मीर में बिजली बंद कर दी गई है। इन इलाकों में पूरी तरह ब्लैक आउट (1) जम्मू– कश्मीर : जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग (2) राजस्थान : बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर (3) पंजाब : चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन (4) गुजरात : भुज, कच्छ और पाटण, भारतीय सेना ने रावलपिंडी, इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में लोइटरिंग एम्युनिशन के जरिए जवाबी हमला किया है, इन इलाकों में बड़े धमाकों की खबर है, कराची भी भारतीय नौसेना के किसी संभावित एक्शन से घबराया हुआ है, गुरुवार रात का जवाबी हमला भी पूरी तरह आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया, सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा है, यह हमला पाकिस्तान की ओर से बार–बार हो रही उकसावे की कार्रवाई का करारा जवाब है. पाकिस्तान ने एक बार फिर रात के अंधेरे में कायराना हमला किया. गुरुवार रात को जम्मू, पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर हमले किए गए, एस –400 और ह्यआकाशह्न जैसे मुस्तैद एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला नाकाम कर दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई में इस्लामाबाद तक मार की है. सियालकोट और लाहौर में भी ड्रोन दागे गए. भारत ने पाकिस्तान के दो जे एफ –17 और एफ –16 जेट भी मार गिराए हैं, रक्षा मंत्री ने पीएम को ताजा घटनाक्रम से अवगत कराया. पीएम लगातार स्थिति को मॉनिटर कर रहे हैं, सिंह ने सीडीएस जनरल और तीनों सेना प्रमुखों से भी बात की है. पीएम ने राष?ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) से भी मुलाकात की, गृह मंत्री ने बीएसएफ और सीआईएसएफ के डीजी से बात की है। बीएसएफ के जिम्मे पाकिस्तान से लगती सीमा है तो सीआई एसएफ देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा संभालती है.

साथियों बात अगर हम भारत के अनेकों राज्यों में ब्लैकआउट को समझने की करें तो, भारतसरकार के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान की हालत खिसियानी बिल्ली जैसी हो गई है। भारतीय सेनाओं की मुस्तैदी को देखते हुए पाकिस्तान और कुछ न कर पाए लेकिन साइबर ड्रोन और मिसाइल अटैक बहुत बढ़ा सकता है ।पंजाब के बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन अटैक किया गया है, पाकिस्तान की तरफ से पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया गया ।पाकिस्तान ने जम्मू से लेकर जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया है, जम्मू में पाक ने ड्रोन से एयरपोर्ट को निशाना बनाने की कोशिश की, पाकिस्तान की ओर से जम्मू से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किए गए। पाकिस्तान की ओर से किए गए इस ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब के कई शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है, कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है, हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। जम्मू, सांबा, पठानकोट और आरएस पूरा में पाक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया है, इंटरनेशनल बॉर्डर पर भीषण गोलाबारी की जा रही है, पाक मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने में र 400 का इस्तेमाल का किया गया है। साथियों बात अगर हम भारत पाक के बीच जंग के हालात आज 9 मई 2025 के सुबह 6 तक जानने की करें तो, भारत-पाकिस्तान के बीच जंग के हालात, जानिए ताजा अपडेट (1) जम्मू में सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (2) ड्रोन से हमले की कोशिश को किया नाकाम (3) एयर डिफेंस सिस्टम ने हमले को नाकाम किया (4) इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाक की ओर से भारी गोलीबारी (5) कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (6) नागरिकों से घर से अंदर रहने को कहा गया है। (7) पाकिस्तान के ड्रोन अटैक का वीडियो भी सामने आया है।

## मोनिका डागा

## मॉ के जैसा प्यार

### कविता



मॉ से ही है खुशियां जीवंत सारी,
बनता खूबसूरत रंगीन हर त्योहार,
उसकी अद्भुत अनोखी कलाकारी,
गढ़ती नव जीवन में शुभ संस्कार ।

अनंत खुशियों की चाबी है वो प्यारी,
परिवार का अनुपम सुंदरतम श्रृंगार,
सूनी हो जाती एकाएक दुनिया हमारी,
जब मॉ पड़ जाती कभी थोड़ी बीमार ।

निभाती दिन रात निरंतर हर जिम्मेदारी,
नहीं कर पाती मगर खुद से वो प्यार,
गलतियां माफ कर देती हमारी सारी,
माथा चूम गले लगाती प्यार से हर बार ।

महिमा उसकी तीनों लोकों में न्यारी,
वंदन गाता ₹आनंद₹ से सारा संसार,
मॉ की दुआएं सदा ही मंगलकारी,
देती सपनों को हकीकत का आकार ।

मॉ, माता, ममतामई, जननी, महतारी,
करती प्राणों का जीवन में नित संचार,
संजाती, संवारती, सहलाती है फुलवारी,
कोई कहां कर सकता मॉ के जैसा प्यार ।

मॉ का आशीर्वाद सदा ही चमत्कारी,
भूल से भी न करना मॉ का तिरस्कार,
चूका न पाओगे मातृऋण बहुत भारी,
हरे नोटों की गड्डियॉ चाहे हो भरमार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सिंदूर, संवेदना, और सेना तबाह आंतकिस्तान।



संजीव ठाकुर

22 अप्रैल 25 को पहलगाम में जिन भारतीय महिलाओं के पतियों की आतंकवादी ने निर्मम हत्या कर उनको खून से रूलाया था भारत सरकार और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तबाह और 100 आतंकवादियों को मारकर उन मासूम वीर वधुओं के आंसुओं के एक-एक कतरे एक-एक बूंद का बदला ले लिया है। हमले में आतंकवादियों ने जिन मासूम भारतीय हिंदू महिलाओं के सिंदूर को उजाडा था तब आतंकवादियों और उनके अकाओं को यह अंदाज भी नहीं रहा होगा कि उनकी इस नापाक हरकत से पूरा पाकिस्तान और आतंकवादियों की पूरी काम को तबाह कर दिया जाएगा।

सिंदूर केवल सिंदूर ही नहीं है यह सनातन धर्म, संस्कृति और संस्कार में पवित्र सुहाग का प्रतीक भी है और हिंदू सनातन धर्म में विवाह के पश्चात स्त्रियों का सिंदूर बहुत बड़ा महत्व, अलंकार, स्वाभिमान और अभिमान है और आतंकवादियों ने हमारी देवी स्वरूप भारतीय महिलाओं के सिंदूर की इज्जत ना करके उनके ईस्ट पतियों को गोलियों से मारा है सनातन में यह जघन्य अपराध है और इस अपराध की सजा भारतीय सेना ने पूरी संवेदना, शक्ति, सामर्थ्य और ऊर्जा के साथ भारत सरकार के निर्देशन में आतंकवादियों को और पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों की पूरी कौम को मा`कर बदला पूरा किया। भारतीय सेना के जवानों ने लगभग 100 आतंकवादियों को 6 मई को मार गिराया पहलगाम में 27 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बदले के रूप में सेनाओं ने 9 जगह पर लगभग 20 ठिकानों को बर्बाद कर दिया और 8 मई पाकिस्तान ने फिर जम्मू में गुरुद्वारे पर हमला कर कई निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी जवाब में भारतीय सेना और उनके जवानों ने लाहौर एयरबेस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया इसके बाद रावलपिंडी, लाहौर इस्लामाबाद, सियालकोट तथा अन्य शहरों में इतनी तबाही मचाई कि पाकिस्तान के वजीर शहबाज शरीफ और पाकिस्तान की फौज के सरगना मौलाना असीम मुनीर बंकर में छुपने के लिए मजबूर हो पड़ा है। वैसे भी पाकिस्तान फौजी पिछले 10 वर्षों से लड़ाई और सिमा निगरानी का काम छोड़कर शराब डीजल और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे हुए थे और उसका सारा पैसा और धन सेना के अकाओं मे वितरित किया जाता रहा है सेना अपना का काम भूलकर पश्चिम तथा खाडी के देशों से डीजल, पेट्रोल और नशीला पदार्थ की तस्करी में पैसा कमाने में लगा हुआ था। इसके अलावा पाकिस्तानी फौज और और खुफिया संगठन आई एस आई आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने भारत भेजने और भारत में आतंकवादी घटना को अंजाम देने में लगे हुए थे पाकिस्तानी फौज आतंकवादियों की तरह ही काम करते रहे हैं। पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि स्वतंत्रता के बाद से जितने भी निर्वाचित 18 प्रधानमंत्री बने थे वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर सके और पूरे पाकिस्तान में फौजी और उनके फौजी प्रमुखों ने ही अपना शासन प्रशासन चलाया है उल्लेखनीय है कि सेना ने ही जुल्फिकार अली भुट्टो को देश-द्रोह का आरोप लगाकर फांसी दे दी थी और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की हत्या भी करवा दी इसी तरह असिम मुनीर ने इमरान खान को जेल की काल कोठरी में भिजवा दिया है, आतंकवाद की बुनियाद और बारूद पर बैठे पाकिस्तान अंदर से पूरा खोखला हो चुका है। भारतीय फौजी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पीओके में सक्रिय दहशत कर दो के नौ ठिकानों का निशाना बनाया था और पलक झपकते ही उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया था विशेषज्ञ बताते हैं की सेवा की कार्रवाई इतनी सटीक और अनुशासित थी कि भारतीय विमान को पाकिस्तान में घुसने की जरूरत भी नहीं पड़ी। बहावलपुर और मुरीदके में इतनी तबाही मचाई की वहां एक भी बिल्डिंग बची नहीं है उल्लेखनीय है कि यहां पिछले कई दशकों से आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने जम्मू कश्मीर राजस्थान जैसलमेर में पाकिस्तानी लगभग 100 ड्रोन को असफल कर दिया है और इसी तरह I16 तथा आईएफ 17 को मार गिराया गया है इसी तरह पाकिस्तान के दो पायलट भी हिंदुस्तानी फौज के कब्जे में आ गए हैं अब उनसे पाकिस्तान सेना की महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। सेना की इस जवाबी कार्रवाई में पूरे पाकिस्तान को और उसके बड़े शहरों को लगभग तबाह कर दिया है अब पाकिस्तान की सेना उनकी सरकार और उनके यहां पल रहे आतंकवादियों को समझ में आ गया होगा की सिंदूर की क्या ताकत होती है और सनातन में कितनी शक्ति ऊर्जा और सामर्थ्य होता है। भारत पर पाकिस्तानी फौज ने हमास की स्टाइल में हमला किया है आतंकवादी संगठन जैस ए मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा जैसे संगठनों के साथ हमास के आतंकवादियों ने जुगलबंदी कर उन्हें पूरी तरह ट्रेंड किया था ठीक उसी तर्ज पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत पर हमला किया था। अब भारत की फौज ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को आक्रमण कर ऐसा सबक सिखाया है कि वह अब सिंदूर और भारतीय नारियों को याद करके कांपने लगेंगे और भारत के सामने नतमस्तक हो अगले कई जन्मों तक आक्रमण करने की नहीं सोचेंगे।

# शिवा पाठशाला में आयोजित हुआ निःशुल्क दंत चिकित्सा कैंप

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद में एलायंस क्लब हापुड़ सर्वोत्तम के तत्वावधान में हापुड़ नगर क्षेत्र के कलेक्टर गंज स्थित शिवा प्राथमिक पाठशाला में शुक्रवार को एक निःशुल्क दंत चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों की टीम ने बच्चों के दांत चेक कर उन्हें जागरूक किया। क्लब के अध्यक्ष अरूण अग्रवाल और सचिव माधव बंसल ने कहा कि इस अवसर पर देश के कर्णधारों को दांतों की जांच के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई । सर्जन डॉ. अंकित गोयल ने बताया कि दांत हमारे मुख का अहम हिस्सा होते हैं। इनके खराब होने से मुख की सुंदरता के साथ-साथ पाचन शक्ति पर भी बुरा असर पड़ता है और असहनीय पीड़ा को सहन करना पड़ता है। इसलिए दांतों की लंबी उम्र के लिए दांतों की सफाई और उचित समय पर दांतों की जांच जरूरी है। इंटरनेशनल चेयरमैन डा अनिल बाजपेई ने कहा कि दिन में दो बार ब्रश करना, फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का उपयोग, जीभ की सफाई, खाने के बाद कुल्ला करना, अधिक मीठा, कोल्डड्रिंक से परहेज जरूरी है। विनोद गुप्ता एवम रविन्द्र सिंहल ने कहा कि हर 6 महीने में दंत चिकित्सक से जांच करवाना जरूरी है ।अजय बंसल और सुनील शर्मा ने कहा कि दांतों का उपयोग बोतल खोलने या किसी पैकेट को फाड़ने के लिए नहीं करना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद करेगा।पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से समाज में जागरूकता आती है और लोगों में निःस्वार्थ भावना उत्पन्न होती है।दंत रोग विशेषज्ञ डॉ रिद्धि चुग ने बताया कि जनपद में मुख कैंसर के रोगियों कि संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिसका मुख्य कारण तम्बाकू, दोहरा, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, इत्यादि का सेवन है ह्न मुख कैंसर के प्रारंभिक लक्षण जैसे मुंह में लाल सफेद चकत्ते, मुंह कम खुलना, मुंह में जलन रहना इत्यादि होने पर अपने चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें।इस अवसर पर शिक्षक हरजीत, शोभा, अपूर्व नीतू नारंग, लक्ष्मी शर्मा,इंटरनेशनल चेयरमैन डा अनिल बाजपेई, एम सी सी अजय बंसल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील शर्मा, सचिव माधव बंसल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विनोद गुप्ता, रविन्द्र सिंहल लोकेश अग्रवाल मौजूद थे।

# बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के लिए रामायण अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर पी.एम. श्री विद्यालय, डायट परिसर, नगर क्षेत्र बुलंदशहर में 7 मई से 17 मई 2025 तक ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या तथा संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में सम्पन्न हो रहा है।इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में किया जा रहा है, जिसमें से बुलंदशहर जनपद हेतु पी.एम. श्री विद्यालय, डायट परिसर को चयनित किया गया है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को रामायण के विभिन्न पक्षों से जोड़ते हुए उनके नैतिक व चारित्रिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कार्यक्रम की विविध विधाओं में प्रमुख रूप से रामचरितमानस गायन एवं वाचन कार्यशाला,रामायण क्ले मॉडल कार्यशाला, रामायण मुख सज्जा एवं मुखौटा निर्माण कार्यशाला, रामलीला अभिनय कार्यशाला, रामायण चित्रकला कार्यशाला, वेद गान एवं वैदिक सामान्य ज्ञान कार्यशाला शामिल हैं।बुलंदशहर स्थित डायट परिसर में विशेष रूप से रामायण क्ले मॉडलिंग एवं रामायण चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रामायण के पात्रों एवं आदर्शों से परिचित कराना, तथा वर्तमान समय में बढ़ रही अनुशासनहीनता को समाप्त करते हुए उनमें धर्म, नैतिकता और संस्कारों का विकास करना है।

# अवैध नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे अधिकारी:डीएम



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जनपद में मादक पदार्थों की निगरानी हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों एवं सामाजिक संगठनों को इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज में नशे के खिलाफ व्यापक जन-जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता उत्पन्न करने में शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महाविद्यालयों, मेडिकल संस्थानों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए, जिससे छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा सके और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके।मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने जिले में अवैध रूप से की जा रही भांग की खेती को चिन्हित कर उसे नष्ट करने हेतु एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

# महाराणा प्रताप ने युद्ध को नहीं चुना था, युद्ध ने ही महाराणा प्रताप को चुना था, डॉ चंद्रमोहन

**वेलकम इंडिया**



**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव नसेर्ना में वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ चंद्रमोहन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। यह यात्रा मंगल चौक से प्रारंभ होकर नसेर्ना में घूमकर मंगल चौक पर ही समापन हुआ। इस दौरान गांव में माता मंदिर पर हवन व पूजा पाठ की गई। शौभायात्रा में बैंड बाजे के साथ युवाओं और समाज के कार्यकरता भी शामिल हुए। शौभायात्रा में सैकड़ों की संख्या से अधिक लोग शामिल हुए। और महाराणा प्रताप जिंदाबाद, क्षत्रिय समाज जिंदाबाद आदि नारों से गूंज रहा था। इसी के साथ लोगों ने महाराणा प्रताप व क्षत्रिय इतिहास पर प्रकाश डाला। और देश में मुगलों से किस तरह युद्ध किया और हिंदुत्व को बचाया इसी के साथ साथ उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और क्षत्रिय समाज के लोगों ने उनके जीवन आदर्श पर चलने को कहा। वक्ताओं ने इस मौके पर बताया कि क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप का इतिहास देश में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है इसको भुलाया नहीं जा सकता। डॉ चंद्रमोहन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने युद्ध को नहीं चुना युद्ध ने महाराणा प्रताप को चुना था। ठीक उसी प्रकार देश की वही स्थिति आ गई। पहलगाम में पाकिस्तान ने हमारे भोले भाले पर्यटकों को धर्म पूछकर मारा है यह एक कायराना हरकत है हमारी सेना इसका बदला चुन चुनकर लेगी। डॉ चंद्रमोहन ने जनता से अपील की कि मेरी सभी से विनती है कि सरकार के निदेर्शों का पालन करे तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे। यह हमारा वह देश है जहां पर हर नागरिक यह अभिलाषा रखता है कि हे मां तेरा वैभव अमर रहे हम रहे या ना रहे।

# भारत के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मनाई जयंती



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** जन सहयोग कल्याण समिति के तत्वाधान में भारत के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई यह भव्य कार्यक्रम गली द्वारकाधीश दिल्ली वाला मोहल्ला हाथरस में आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राजू वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इस अवसर पर उपस्थित उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष देवदत्त सारस्वत जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह गहलोत जिला कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा माधव चौहान श्रवण कुमार रवि एडवोकेट राजू बघेल मनोज कुमार कवि राकेश रसिक आदि गणमान्य नागरिक लोग उपस्थित रहे वह कार्यक्रम में आए सभी को प्रसाद वितरण किया गया और ऐसे ही अच्छे अच्छे कार्य होते रहे।

# मेहनरबुंगा में घर से 50 हजार की चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज

**वेलकम इंडिया**

- चोरी की घटना होने के बाद स्थानीय लोगों में रोष
- पुलिस से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के समीप मेंहरबुंगा में चोरों ने एक घर मे घुसकर 50 हजार की चोरी करने की कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज हुई है।वही पूर्व में भी नगर में जजी परिसर सहित अन्य स्थानों में हुई चोरी का पुलिस ने अब तक खुलासा नही किया है।इस तरह चोरों के हौसले बुलंद होने से लोगों में चोरी करने वालों के खिलाफ भय का माहौल है। जिले में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है, लेकिन आज तक एक भी चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। वहीं बागेश्वर के मेहनरबुंगा में भी अब एक घर से 50 हजार की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने चोरी के मामले में एक युवक की शिकायत पर चोरी होने का मुकदमा कोतवाली पुलिस में दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार छह मई को मेहनरबूंगा निवासी नीरज जोशी के घर से लगभग 50 हजार की चोरी की एक शिकायत कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने नीरज जोशी की तहरीर के आधार पर मेहनरबुंगा निवासी ही युवक सुमित कुमार के खिलाफ चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाल कैलाश सिंह नेगी ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# प्रभारी मंत्री पहुंचे देवलचौरा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** परसीलाल वर्मा , जिला योजना की बैठक सम्पन्न होने के बाद जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा विधानसभा क्षेत्र कपकोट के ग्राम पंचायत देवलचौरा पहुँचे।जहां उन्होंने राज्य सेक्टर योजना से गाय पालन योजना के लाभार्थियों से संवाद किया।और उनकी समस्याए सुनी।वही प्रभारी मंत्री जिले में ट्राउड मछ्ली पालन करने वाले मत्स्य पालकों से मिले।उन्होंने जिलेमें मत्स्य विभाग से लाभान्वित मत्स्य पालकों के साथ संवाद करते हुए मछली पालन को बढ़ावा देने, और योजना से आत्मनिर्भर बनने की बात कही। स्थानीय निवासियों द्वारामत्स्य पालन में आने वाली समस्याओं और उत्पादन के सापेक्ष काश्तकारों को उचित बाजार उपलब्ध कराने के लिए क्लस्टर पद्धति से लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ और योजना से आत्मनिर्भर बनने के लिए मत्स्य विभाग से मिलने वाले सहयोग पर स्थानीय विधायक सुरेश गड़िया, प्रभारी मंत्री और अधिकारियों का आभार जताया।वही प्रभारी मंत्री ने मत्स्य पालन के लिए बने मत्स्य टैंकों का निरीक्षण कर मछ्ली पालन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मत्स्य पालन से जुड़े लोगों ने सरकार द्वारा मिले सहयोग के लिए उनका आभार जताया। प्रभारी मंत्री बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश सरकार मछलीपालन, डेयरी उद्योग, मधुमक्खी पालन, किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। छोटे स्तर पर पशुपालन करने वाले किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई लाभकारी योजनाएं शुरू की हैं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, नगर पंचायत कपकोट अध्यक्ष गीता ऐठानी, जिला महामंत्री संजय परिहार मत्स्य अधिकारी मनोज मियान आदि मौजूद थे।

# जलवायु परिवर्तन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़,** पूरन दोसाद, द हंगर प्रोजक्ट के तहत दस दिवसीय जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चल रहा है। मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है। तहसील के 24 ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम चल रहा है। जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानि के बारे में बताया किया। वक्ताओं ने बताया कि इस कारण कहीं बादल फटने की तो कहीं सूखे की घटना होगी।

जंगलों को आग से बचाने व पेड़ों के संरक्षण से इस तरह के प्रभाव से बचा जा सकता है। हमें अपने धारे, नौले तथा प्राकृतिक स्त्रोतों को बचाना होगा। पर्यावरण सुरक्षित होगा तो मानव जीवन भी सुरिक्षित होगा। इस अभियान के तहत गांवों में पोस्टर आदि भी चिपकाए गए। इस मौके पर बसंती कपकोटी, विमल सिंह, संगीता, लक्ष्मी परिहार आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# टाण्डा में मजाहिरी क्लीनिक का उद्घाटन, अवाम को बेहतर इलाज की उम्मीद

**वेलकम इंडिया,लईक सैफी**




**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मोहल्ला सेंटाखेड़ा में पालिकाध्यक्ष आवास के बराबर ₹मजाहिरी क्लीनिक₹ का उद्घाटन जुमे के दिन कुरआन-ए-पाक की तिलावत और दुआ के साथ किया गया। इस मुबारक मौके पर इलाके के मशहूर उलेमा और डॉक्टर्स के साथ बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना जलीस अहमद कासमी ने कहा कि नगर में काबिल और क्वालिफाइड डॉक्टर्स की कमी की वजह से लोगों को मामूली इलाज के लिए भी बाहर जाना पड़ता था, जिससे वक़्त और पैसा दोनों जाया होता था। ऐसे में इस क्लीनिक का कयाम काबिले-तारीफ कदम है। क्लीनिक के ज़िम्मेदार डॉक्टर मोहम्मद शुऐब ने कहा कि इस क्लीनिक का असल मकसद गरीब और जरूरतमंद अफराद को सस्ती और बेहतर तिब्बी सहूलतें फराहम करना है। उन्होंने कहा कि वो अवामी खिदमत को अपना फर्ज. समझते हैं और हर मुमकिन कोशिश करेंगे कि हर मरीज को इज्जत और तवज्जो के साथ इलाज मुहैया कराया जाए। तकरीब के मेजबान मौलाना काशिफ मजाहिरी ने तमाम मेहमानों का दिली इस्तकबाल किया और बताया कि मजाहिरी क्लीनिक सिर्फ.एक इलाजगाह नहीं, बल्कि इंसानियत की खिदमत का मरकज है। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद असलम मजाहिरी, मुफ़्ती सईदुज्जफर, मौलाना रफीक रहमानी, मुफ़्ती वसीम, मौलाना नदीम, मुफ़्ती मोहम्मद मुस्तफा, डॉक्टर मोहम्मद आरिफ, डॉक्टर मोहम्मद असद और डॉक्टर मोहम्मद अजहर समेत कई अहम शख्सियात मौजूद रहीं।

# औरंगाबाद नगर पंचायत के विकास कार्यों में भृष्टाचार का दीमक

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** नगर पंचायत औरंगाबाद में विकास कार्यों में भृष्टाचार कमीशनखोरी चरम पर है। आलम यह है कि लगभग पांच माह पहले नागेश्वर मंदिर परिसर के नजदीक लाखों की लागत खर्च करके बनवाई गई नालियां अब जगह जगह से टूट-फूट कर भृष्टाचार की गाथा खुद बयां करती नजर आ रही हैं। विकास कार्यों में घपले कमीशनखोरी भृष्टाचार लीपापोती का चरम देखना है तो औरंगाबाद कस्बे में आकर देखिए। ताज्जुब तो यह है कि भृष्टाचार का बोलबाला सपा बसपा अथवा कांग्रेस सरकारों में नहीं बल्कि देश प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार और प्रदेश में कड़क तेवरों वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के शासन काल में ही हो रहा है। और इस पर अंकुश लगाना तो दूर भृष्टाचार की बहती गंगा में वो आला अफसर भी डुबकी लगाने में पीछे नहीं रहे।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने तमाम नियम कायदों को ताक पर रखकर अपने चहेते ठेकेदारों को सात स्थानों पर विकास कार्यों के ठेके दे दिए। इस विकास गाथा का दिलचस्प पहलू यह रहा कि इन विकास कार्यों को पूरा कराने के बाद समाचारपत्र में विज्ञापन प्रकाशित कराकर टैंडर आमंत्रित करने और जिनसे काम पहले ही पूरा करा लिया गया उनके नाम टैंडर छोड़ने की औपचारिकता पूरी कर दी गई। घपले कमीशनखोरी भृष्टाचार लीपापोती की लिखित शिकायत वार्ड पांच के सभासद कविश अग्रवाल ने शासन प्रशासन को भेजी । मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य सचिव नगर विकास मंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक शिकायत भेजी गई जिससे इतना ही हो पाया कि भृष्टाचारियों ने शिकायत कर्ता को भी मैनेज कर लिया और शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल मामले पर लीपापोती कर दी गई। यदि उन सभी सातों विकास कार्यों की जांच किसी उच्च स्तरीय जांच समिति से कराई जाये तो लाखों के घपले घोटाले की पोल खुलते देर नहीं लगेगी। अब देखिए विकास कार्यों की हकीकत। नागेश्वर मंदिर परिसर के बाहर नाली खड़ंजा लगाने का काम भी उन्हीं सातों कामों में शामिल था। आज स्थिति यह है कि टूटी नालियां विकास कार्यों में घोटाले की गाथा खुलकर बयां कर रही हैं।आम आदमी का मानना है कि नौकरशाही की हनक के सामने किसी भी कड़क शासन की नहीं चलती फिर भले ही स्वयं योगी आदित्यनाथ जी का ही शासन क्यों ना हो। जिम्मेदार अफसर का कहना है कि कोई माई का लाल मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता सचिवालय तक में मेरी पहुंच है।

# प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ली जिला योजना की बैठक

**वेलकम इंडिया**




बागेश्वर, गोविन्द मेहता, प्रदेश के सबसे युवा तेजतर्रार बुद्धिजीवी और आमजन से बेहतर सामंजस्य स्थापित करने वाले राजनेता माने जाने वाले कैबिनेट एवं जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में जिला योजना की बैठक हुई।शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित जिला योजना की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए जिला नियोजन समिति ने विभागवार कुल 59 करोड़ 62 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया।इस बैठक में जिलाधिकारी समेत समिति के सदस्य व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।जिला योजना की बैठक में जिला नियोजन समिति द्वारा विभिन्न विभागों के लिए परिव्यय को अंतिम रूप दिया गया।लोक निर्माण विभाग के लिए 1364.65 लाख रुपए का अनुमोदन किया गया।इसके अतिरिक्त, जल संस्थान के लिए 4 करोड़ रुपए और पेयजल निगम के परिव्यय को 95 लाख रुपए अनुमोदित किया गया। शिक्षा क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा के लिए 2.45 लाख रुपए और माध्यमिक शिक्षा के लिए 3.20 लाख रुपए का परिव्यय तय हुआ। सिंचाई विभाग के तहत राजकीय सिंचाई के लिए 4.80 लाख रुपए और लघु सिंचाई के लिए 40 लाख रुपए का अनुमोदन मिला। पशुपालन विभाग के लिए 318.90 लाख रुपए, उद्यान के लिए दो करोड़ 50 लाख रुपए, दुग्ध विकास के लिए 75 लाख रुपए और मत्स्य पालन के लिए दो करोड़ 20 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एलोपैथिक चिकित्सा के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए का परिव्यय तय हुआ। खेलकूद के लिए एक करोड़ रुपए, पीआरडी के लिए चार करोड़ रुपए, उरेडा के लिए 75 लाख रुपए, सहकारिता के लिए 30 लाख रुपए, पर्यटन के लिए 1.70 लाख रुपए, कृषि विभाग के लिए 2.30 लाख रुपए और वन विभाग के लिए 50 लाख रुपए सहित करीब 34 विभागों का परिव्यय नियोजन समिति ने अनुमोदित किया। पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल विकास, सेवायोजन एवं जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि कि नियोजन समिति द्वारा जिले के विकास के लिए इस वर्ष 59 करोड़ 62 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, जिससे जिले के विकास कार्यों में निश्चित रूप से तेजी आएगी। प्रभारी मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी विभागों और अधिकारियों को विकास की भावना से मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और अधिकारियों को इस दिशा में गंभीरता से टीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलने की भावना पर बल दिया। प्रभारी मंत्री बहुगुणा ने जनपद को मॉडल जनपद बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। विशेष रूप से रोजगारपरक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करके, ताकि अन्य जनपद भी इसका अनुसरण कर सकें।

# सेना के पराक्रम को बल प्रदान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** भारत की सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही है, संपूर्ण देशवासी भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं सेना के साथ हैं, हम चाहते हैं पाकिस्तान नाम के नासूर को जड़ से समाप्त किया जाए।

यह उदगार शुक्रवार को प्राचीन बद्रीनारायण मंदिर पर सेना को बल प्रदान करने हेतु महायज्ञ का आयोजन देवताओं का आवाहन करते हुए पूर्ण आहुति प्रदान करते हुए श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं कृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार पंडित दिनेश फलाहरी ने कहे। उन्होंने कहा कि आज भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही सरकार के साथ है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष पं चेतन स्वरूप पाराशर, पं राजेश पाठक एवं श्रीमती गुंजन शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में हमेशा दुश्मन से मुकाबला करने एवं शुभ काम पर यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान होते आए हैं, आज हमने इसी के तहत महायज्ञ का आयोजन किया है। हमने सभी देवताओं का आवाहन करते हुए भारतीय सेना को बल प्रदान करने की प्रार्थना की है, हमें विश्वास है ईश्वर हमारी प्रार्थना अवश्य सुनेगा एवं भारत की रक्षा में तैनात जवानों को आत्मीय शक्ति प्रदान होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश शास्त्री, अंगराज ठाकुर उषा सोलंकी, मधु तोमर, रुचि सक्सैना, मंडल अध्यक्ष हिंदू सेना, ठाकुर नरेश सिंह ,राहुल गौतम सुधीर कुमार मौर्य, कन्हैया कौशिक, वंदना अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

# दधीच स्कूल में सैनिकों की सलामती हेतु किया गया हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं योग



**वेलकम इंडिया**

रामघाट/बुलंदशहर/जरगवां में रामघाट रोड बॉर्डर पर स्थित दधीच मैमोरियल पब्लिक स्कूल में श्री योग वेदांत सेवा समिति अलीगढ़ व टप्पल के योगाचार्यो एवं अक्छोड़ा धाम जरगवां के महंत श्रीकांताचार्य महाराज जी व श्री श्री 108 श्री भगवान दास जी महाराज की कृपा पात्र श्री श्याम दास मौनी महाराज लवकुश नगर श्री अयोध्या धाम द्वारा भारत माता के वीर सपूत महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ रही तीनों सेनाओं की सलामती हेतु हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए ध्यान, योग एवं प्राणायाम कराकर इसके महत्व पर प्रकाश डाला एवं छात्रों को नित्य प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने को प्रेरित किया। इसके साथ-साथ भारतीय सेना के जवान जितेंद्र कुमार फौजी ने छात्र-छात्राओं को इस युद्ध के दौरान आपात स्थिति में अपने आप को सुरक्षित रखने हेतु स्वयं सुरक्षा के विषय में सिखाया।

इसमें लगभग 500 छात्र छात्राओं एवं समस्त शिक्षक गणों ने भाग लिया। अन्त में दधीच मैमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार राजपूत व प्रधानाचार्या कविता रानी एवं समस्त अध्यापक गणों ने इस कार्यक्रम के लिए श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं श्रीकांताचार्य महाराज जी व अयोध्या से पधारे श्याम दास मौनी महाराज का आभार प्रकट किया।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण/भ्रमण किया गया

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा.अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान द्वारा जिला कारागार बुलंदशहर में महिला अहाते/कारागार का आकस्मिक निरीक्षण/भ्रमण किया गया। महिला अहाते में कारागार प्रशासन द्वारा महिला बंदियों एवं महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं जैसे भोजन, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्था, बच्चों के लिए क्रैंच, पार्क, खेलकूद, वॉल पेंटिंग, ग्रीनरी तथा बैरकों में महिलाओं के रहने की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए सभी व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई। मा0 अध्यक्ष द्वारा सभी महिला बंदियों के साथ ओपन संवाद किया गया तथा सभी बच्चों को चॉकलेट, जूस, बिस्कुट के पैकेट के सेट वितरित किये गये। कारागार प्रशासन द्वारा महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को शिक्षित किये जाने के लिए कारागार के बाहर स्थापित विद्यालय भेजे जाने के कार्य/व्यवस्था की सराहना की गई तथा उनके द्वारा महिला अहाते में वृक्षारोपण भी किया गया। कारागार के भ्रमण के दौरान बंदियों द्वारा बनाई गई पेन्टिगों/आर्ट ऑफ गैलरी, मानवता नर्सरी, ओपन जिम, जिम, नवग्रह वाटिका, रेडियो जॉकी, पीसीओ, अन्न भण्डारण कक्ष, कंट्रोल रूम एवं वृक्षारोपण के अन्तर्गत किये गये सुंदरीकरण कार्यो आदि की प्रशंसा की गई।

# अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे में दो की मौत

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव खण्डवाया निवासी ओमदत्त शर्मा पुत्र प्यारेलाल शर्मा 26 अप्रैल को घरेलू कामकाज के लिए जंगल जा रहा था तभी शिकारपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी जिसे गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल में चार मई को निधन हो गया। उधर रिहान पुत्र राहत अपनी कार से अपने साथी समीर पुत्र कमरुद्दीन, मुस्तकीम पुत्र उम्मेद, शहबाज पुत्र पप्पन खान निवासी मोहल्ला पठान टोला पहासू खुर्जा से पहासू आ रहा था। पलडा झाल नहर के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे अनियंत्रण ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जटिया हॉस्पिटल खुर्जा में भर्ती कराया गया था।

रिहान की हालत गंभीर होने से दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर किया गया था जहां उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को उसकी मौत हो गई अन्य कार सवारों का उपचार अलीगढ़ अस्पताल में चल रहा है। कोतवाली प्रभारी चंदगीराम ने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार है दोनों मृतकों की तरफ से मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# ख्वाजपुर छात्रा अपहरण कांड में नया मोड़



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** ख्वाजपुर से लापता बी ए की छात्रा के अपहरण के नामजद आरोपी का शव पेड़ से लटका पाये जाने के बाद मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब मृतक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने छात्रा के पिता सहित चार परिजनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। लापता छात्रा का एक सप्ताह में भी कोई सुराग नहीं लगा है।फिलहाल युवती की बरामदगी पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ख्वाजपुर से दो मई को बीस वर्षीय एक युवती बी ए की परीक्षा देने महाविद्यालय लखावटी जाने के लिए कहकर घर से निकली लेकिन शाम तक घर वापस नहीं आई। लड़की के पिता ने लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में गांव के ही अर्जुन पुत्र जितेंद्र सिंह को नामजद करते हुए मामला दर्ज कराया। मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब नामजद कराये गये अर्जुन की लाश दो दिन पहले गांव के नजदीक एक पेड़ से लटकी पाई गई। मृतक के परिजनों ने हंगामा करते हुए लाश नहीं उठने दी थी तथा छात्रा के परिजनों पर अर्जुन की हत्या का आरोप लगाया। अर्जुन के पिता जितेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सुरेंद्र पुत्र डालचंद हरेंद्र व गजेंद्र पुत्र गण नन्हे तथा सतेंद्र पुत्र देवेन्द्र सभी निवासी ग्राम ख्वाजपुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। दूसरी ओर लापता छात्रा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी नामजद फरार हैं। थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि सभी आरोपियों को जल्द ही बंदी बनाकर जेल भेज दिया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने ऑपरेशन सिंदूर को बिना किसी क्षति के सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय सेना को बधाई दी है। संगठन ने देश की सुरक्षा में लगे जवानों के शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए सेना के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त की है। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन

के फार्मासिस्ट भारतीय सेना को सलाम करते हैं, जिन्होंने उन आतंकी ताकतों को जवाब दिया जिन्होंने देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ा। हम सेना के साथ हैं। वहीं शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र. ने कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन का एक एक फार्मासिस्ट यह सुनिश्चित करेगा कि रक्त की कमी न हो। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन दस हजार यूनिट रक्त दान करने के लिए तैयार हैं।( आवश्यक पडने पर और अधिक ) साथ ही जरूरत पडने पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन का एक एक फार्मासिस्ट बार्डर पर अपनी सेवा देने के लिए तैयार है ।बैठक में वर्तमान हालात और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई और देश के नागरिकों से अपील की गई कि वे कोई ऐसा बयान या व्यवहार न करें जिससे सेना का मनोबल प्रभावित हो। बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि युद्ध की स्थिति में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन वीर सैनिको की देखरेख और रक्तदान की जिम्मेदारी उठाएगा। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि वह भारत सरकार के हर निर्णय के साथ खड़ा है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, राष्ट्रीय महासचिव वी.के.सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशिभूषण कुमार,राष्ट्रीय सचिव राजा राम, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अर्जेश राज सिंह, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष तनिष्क त्यागी, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग साहू, उत्तर प्रदेश प्रभारी रजत राय, रजत सैनी, राजेश यादव, अनीश निगम, लोकेश कुमार, यूसुफ खान, महफूज खान विष्णु यादव आदि फार्मासिस्ट उपस्थित हुए।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक लाल स्कूल शिक्षक भवन पर आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने अवगत कराया गया कि जनपद में विभिन्न भर्ती प्रकिया में नवनियुक्त अध्यापकों के एरियर का भुगतान पिछले चार वर्षों से लंबित है।विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है इस पर रोष प्रकट किया गया। बैठक में चर्चा के प्रमुख बिंदु दिसंबर सन-2024 तक दस वर्षों तक की सेवा पूर्ण कर चुके अध्यापकों का चयन वेतनमान एवं प्रोन्नति वेतनमान स्वीकृत करना लंबे समय से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर लंबित है। इसके अलावा 60 एवं 62 वर्ष के शिक्षकों के विकल्प की स्वीकृति के आदेश भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। उक्त का समाधान करने की मांग की गई। शिक्षकों के वेतन भुगतान में अकारण ही विलम्ब होता है। कभी भी शिक्षकों का वेतन प्रत्येक माह की एक तारीख को भुगतान शासनादेश होने के आदेश के बावजूद भी कभी भी समय से समय से वेतन का भुगतान नहीं होता है।इस पर नाराज की व्यक्त की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों के उत्पीड़न पर समस्त पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त किया गया। तथा समय से पहले निरीक्षण करने एवं निरीक्षण के समय विधालय में अध्यापकों की उपस्थिति होने के बावजूद भी लगातार वेतन रोके जाने वाली कार्यवाही कर लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत, जिला महामंत्री ठाकुर लक्ष्मीनारायण, जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशन कुमार सारस्वत, जिला महिला उपाध्यक्ष नीलम गौड़, जिला उपाध्यक्ष शक्ति वर्मा,कंचन मेहता, संयुक्त मंत्री शिव कुमार पचौरी,लवली पटेल, मथुरा के अध्यक्ष हेमंत कुमार,अमित कुमार,लाया के अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा,राजीव पचौरी,दीपक तिवारी, गोवर्धन के अध्यक्ष देवेंद्र कौशिक, कप्तान सिंह,मांट के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह छोंकर,आदि ने सहभागिता करके बैठक में उपस्थिति दर्ज कराई।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर घर डस्टबिन वितरण अभियान शुरू

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** नगर पंचायत गोवर्धन द्वारा वार्ड बार डस्टबिन वितरण कार्य शुरू हो गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा देवी शर्मा व ई ओ चैतन्य तिवारी ने वार्ड नंबर एक भीमनगर में घर घर डस्टबिन वितरित कर लोगों को गीला कूड़ा और सुख कूड़ा अलग अलग एकत्रित कर नगर पंचायत के वाहन में डालने के लिए प्रेरित किया।

शुक्रवार दोपहर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा व ई ओ चैतन्य तिवारी ने भीम नगर पहुंच कर क्षेत्रीय सभासद श्रीमती नीरज ललित कुमार के साथ घर घर डस्टबिन वितरित कर वितरण अभियान की शुरूआत की। नगर पंचायत ई ओ चैतन्य तिवारी ने बताया कि हरे और नीले रंग के डस्टबिन का एक सेट परिवार के अनुरूप प्रत्येक वितरित किया जा रहा है। नगर पंचायत के सभी 18 वार्ड में क्रमशः डस्टबिन वितरित होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत घर घर डस्टबिन वितरण अभियान वार्ड 01 से शुरू हुआ है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वो अपने अपने घरों में गीला और सुखा कूड़ा अलग अलग डस्टबिन में एकत्रित कर नगर पंचायत के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में डाले। इससे क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहेगी। इस दौरान नगर पंचायत लिपिक मोहन श्याम अग्रवाल, ललित कुमार विमल ,तरुण शुक्ला, आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम ददायरा में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा तहसील के गांव ददायरा में जन चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होते हुए समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करने को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश। बता दे कि जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर निस्तारण कराने को लेकर लगातार भ्रमण करने का सिलसिला जारी है।इसी क्रम में डीएम अभिषेक पांडे के द्वारा गांव ददायरा में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। आयोजित जन चौपाल में गांव में गंदगी और जल भराव को लेकर मुख्य समस्या सामने आई। जिसको लेकर जिला अधिकारी ने गांव के गली मौहल्ले में पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।और जल भराव की समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करने को लेकर नाले का निरीक्षण करने के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए।

# शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर इस स्मृति मूर्ति स्थापित हेतु सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/समाजवादी पार्टी युवजन सभा जिला अध्यक्ष संजय गहलोत के नेतृत्व में कार्यकताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वी जयंती धूमधाम से मनाई।हापुड़ शहर में किसी भी चौराहे पर पार्क पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित नहीं है। और किसी भी गली मोहल्ले का नाम महाराणा प्रताप के नाम पर नहीं है। जिसको लेकर भारी संख्या में एकत्रित हुए सपाईयों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अमर रहे। भारत माता की जय के नारे लगाते हुए स्मृति मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

# अपहरण कर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के थाना शिवाला कला 7 वर्षीय आयुष के आहरण का मामला, का मामला सामने आया है पुलिस की 5 अपहरणकताओं से हुई मुठभेड़, मुठभेड़ में 1 बदमाश के पैर में लगी गोली, बदमाश अनिकेत हुआ घायल,4 अपहरण कताओं को गिरफ्तार,6 मई को बहला फुसलाकर मृतक आयुष का किया था अपहरण,5 लाख की फिरौती अपहरणकताओं ने मांगी थी, प्राप्त जानकारी के अनुसार हत्या कर शव को खेत में दबाने की फिराक में लगे थे,सूचना पर पुलिस ने रंगे हाथों इमलिया गांव के जंगल में दबोचा,मृतक आयुष के तहेरा भाई है मुख्य आरोपी,बदमाशो ने की थी पुलिस से मुठभेड़,पुलिस ने खुलासा कर 5अपहरणकताओं को भेजा जेल,1 तमंचा 1 कारतूस फाबड़ा किया बरामद,बिजनौर के थाना शिवाला कला गांव इस्लामिया के जंगलों में हुई ।

# देशवासियों की भावना के अनुरूप काम कर रही है सरकारः सुरेंद्र पूनियां

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)** : भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया का आश्रम कालोनी बरवाला में स्थित सत्यवान बालक के आवास पर पहुंचने पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा बड़ी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गयो इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने भारत और पाकिस्तान द्वारा एक दूसरे पर हमले किए जाने बारे कहा कि जिस प्रकार की परिस्थितियां देश में बनी जब हमारे निर्दोष लोगों को पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा मारने का काम किया गया उससे पूरे देश में आक्रोश पैदा हुआे उसी का परिणाम यह हुआ कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह निर्णय लिया कि पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएे उसी का मुंह तोड़ जवाब हमारी सेना दे रही हैे उन्होंने कहा कि देशवासी पूरे एक मन एक



भाव से सरकार के साथ है और सरकार देशवासियों की भावना के अनुरूप काम कर रही हैे इस दौरान सत्यवान बालक द्वारा भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां को लोई ओढाकर सम्मानित किया गयाे इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा, प्रधान रोशन घनघस, डॉक्टर सुरेश जाखड़, रोशन शर्मा बालक, नफे सिंह रंगा व प्रधान महावीर सिंह बालक समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली हापुड़ टीम को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने जनपद शामली रिजर्व पुलिस लाइन में मेरठ जोन की 42वीं अंतर्जनपदीय वार्षिक पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 दो दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमे जनपद हापुड़ की टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरठ जोन में द्वितीय स्थान प्राप्त एवं जनपद मेरठ पुलिस लाइन में द्वितीय उ0प्र0 पुलिस वार्षिक क्लस्टर( भारोत्तोलन, योग व राजीव पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता-2025 में है0का0 अक्षय कुमार( जनपद हापुड़ ) द्वारा मेरठ जोन की टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 02 गोल्ड और 01 सिल्वर मेडल प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। जिसके फलस्वरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ द्वारा पुलिस टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# मॉक ड्रिल में स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया

**वेलकम इंडिया**



जिलाधिकारी/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद महोदय के निदेशानुसार आज दिनांक 09/05/ 2025 को नागरिक सुरक्षा कोर मुरादाबाद द्वारा हवाई हमलों से बचाव मॉक ड्रिल का आयोजन असालतपूरा बनातुल कुरेशी गर्ल्स इंटर कॉलेज में किया गया मॉक ड्रिल में स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। उप नियंत्रक श्री नीरज चक ने वर्तमान परिपेक्ष में हवाई हमले के संकेत के समय क्या कार्रवाई करनी है उसके बारे में विस्तार से बताया स्कूल की छात्राओं द्वारा हवाई हमले के समय शेल्टर लेने एवं हवाई हमला होने के पश्चात ऑल क्लियर सायरन होने पर छोटी-छोटी आंखों को एक्सटिंग्विशर द्वारा बुझाने का प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर नजमुल इस्लाम चीफ वार्डन,सतीश कुमार सहायक उप नियंत्रक,मोहम्मद खालिद प्रभागीय वार्डन,अशोक कुमार गुप्ता प्रभारी प्रभागीय वार्डन स्टाफ अधिकारी वसीम अख्तर स्टाफ अधिकारी, राजेश गुप्ता,डॉ शफीक अहमद,वसीम अंसारी,घट्ना नियंत्रण अधिकारी,परवेज ,खान,नरेश शर्मा,पोस्ट वार्डन अहसान उल हक, संजय कुमार गुप्ता,संजय भटनागर,सुभाष जैन,अहमद फहीम,असीम मलिक,शकील खान,बड़ी संख्या में वार्डन्स ने हिसा लिया।

# धूमधाम के साथ मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**अफजलगढ़।** महाराणा प्रताप की जयंती क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। वही गांव कासमपुरगढ़ी में स्थित संस्कार रिसोर्ट में महाराणा प्रताप सिंह की जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह की माता रानी कुंवर साधना सर्वेश सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया व जसपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ना चाहिए।



शुक्रवार को क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी में स्थित संस्कार रिसोर्ट में आयोजित महाराणा प्रताप सिंह की जयंती समारोह के आयोजक ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, भाजपा युवा नेता अंकित चौहान व कपिल चौहान के तत्वावधान में हुए जयंती समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह की माता रानी कुंवर साधना सर्वेश सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया व जसपुर विधायक आदेश चौहान, एसडीएम धामपुर रीतू चौधरी व सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी ने वीर शिरोमणि राणा प्रताप की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया तथा प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने कहा कि हम सभी क्षत्रिय भाइयों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने लक्ष्य के साथ अपने समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। क्षत्रिय महासभा प्रतिवर्ष रचनात्मक कार्य के रूप में तथा भावात्मक कार्य के रूप में कार्यक्रम करने के साथ-साथ आंदोलन में भी रुचि रखती है।

# रेलवे कारखाना मंदिर पर मनाई गयी माँ जानकी नवमी



**वेलकम इंडिया**

**झाँसी** – रेलवे कारखाना स्थित श्री राम दरबार मे स्थित माँ जानकी प्रतिमा पर माँ जानकी नवमी पर्व पर पूजन-अर्चन एवं महाआरती की गयी सभी भक्तों ने मां सीता का प्राकट्योत्सव मनाया गया तथा सुख समृद्धि की कामना की गयी सभी ने जय करो के साथ महाआरती की गयी इस अवसर पर मुख्य रुप से पं.रविकांत मिश्र जी महाराज, पं.सियारामशरण चतुवेर्दी, नरेश मिश्रा, दीपचंद्र, मृदुल शुक्ला, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, जगदीश कुशवाहा नन्ना, रामजी रावत, बसंती लाल दुबे, उदयभान सिंह ठाकुर, अशोक सिंह, रवि नारायण सारस्वत, अजय अनुरागी सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे व संचालन प्रधानाचार्य पं.सियारामशरण चतुवेर्दी ने किया व अंत मे आभार इन्द्ररपाल सिंह खनूजा ने किया।

# शराबी युवक पर घर में घुसकर सोने की चेन छीन कर ले जाने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी एक महिला ने गांव के युवक पर शराब के नशे में रात्रि में घर में घुसकर मारपीट करते हुए पीड़िता के गले से सोने की चेन छीन कर ले जाने सहित जाते-जाते बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी महिला शीला पत्नी सेठपाल ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि रात्रि के समय वह अपने घर पर सोई हुई थी आरोप है कि गांव का ही एक युवक शराब के नशे में पीड़िता के घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसके गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने जाते समय पीड़िता को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित महिला का कहना है की आरोपी युवक के डर से पीड़िता व उसका परिवार डरा और सहमा हुआ है। पीड़ित महिला ने आरोपी युवक के विरोध नामजद तहरीर देकर जान माल के गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# आलनपुर में मिला गौमाता का कटा हुआ सिर, सामाजिक संगठनों में रोष





**वेलकम इंडिया**

आज दिनांक 9 मई शुक्रवार को सवाई माधोपुर आलनपुर के हीरामन चौक पर अचानक गौ माता का कटा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई, आलनपुर निवासियों द्वारा उक्त सूचना सवाई माधोपुर के विभिन्न संगठनों हिंदुस्तान शिवसेना, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल,श्रीराम वानर सेना के कार्यकताओं को देने पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और गौ माता के सिर को इलाज हेतु पशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां उन्हें चिकित्सकों द्वारा गौ माता का सिर काटने संबंधित आशंका से अवगत कराया, जिससे सभी कार्यकताओं में रोष व्याप्त हो गया और सामूहिक रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दे उक्त घटना को अंजाम दे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने वाले समाज कंटकों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की, पुलिस अधीक्षक ने तुरंत एफआईआर दर्ज करने और आरोपियों पर सख्त कार्यवाही का संकेत दिए, इस दौरान विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल, श्रीराम वानर सेना, गोरक्षा दल सवाई माधोपुर से हिंदुस्तान शिवसेना प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंधी,नरेश सिंधी, भवानी यादव ,सौरभ कुमावत ,राजेंद्र सैनी, राहुल हिंदू, शांतनु,राज बना, नितेश, विक्रम मीणा ,वैभव शुक्ला ,मुकेश योगी आदि उपस्थित रहे ।

# गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत में गेटवे कैबिनेट के शपथ समारोह का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में गेटवे कैबिनेट के शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गेटवे कैबिनेट में अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करने तथा विद्यालय के अनुशासन का अनुपालन करने की शपथ ली। गेटवे कैबिनेट में 30 छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया, जिन्हें सुपर-30 का नाम दिया गया। इस अवसर पर कैबिनेट के सदस्य को उनके बैच देने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस वाला इंसान के नाम से प्रसिद्ध विक्रांत चौहान (दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच) व ग्रोवल स्कूल के फाउंडर विश्वास चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विक्रांत चौहान व विश्वास चौधरी का स्वागत गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह व प्रधानाचार्य अमित चौहान के द्वारा बुके देकर किया गया। साथ ही विद्यालय की गर्ल्स प्लाटून व बैंड ने उन्हें सलामी दी। मुख्य अतिथियों ने गर्ल्स प्लाटून व बैंड की प्रशंसा की। इसके उपरांत आर्ट एंड क्राफ्ट में सराहनीय कार्य करने पर मनोरमा शर्मा, प्रसन्नता राज, मीनू जैन, नताशा शर्मा, शताक्षी शर्मा, पूनम सिंह, सुमन तोमर को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को विक्रांत चौधरी ने उनके जीवन में आने वाली परिस्थितियों को लेकर विभिन्न जानकारियां दी। छात्र-छात्राओं को बताया कि किस प्रकार के आपराधिक गतिविधियों का भविष्य में उन्हें सामना करना पड़ सकता है, जिनका उन्हें किस प्रकार से सामना करना है इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि सोशल मीडिया का आज के समय में बहुत अधिक दुरूपयोग हो रहा है इससे छात्र-छात्राओं को बचाने की आवश्यकता है। बताया कि अगर उनसे कोई गलती हो जाती है, ऐसे समय में घबराए नहीं, अपने परिजनों अपने, गुरुजनों व पुलिस का इसमें सहयोग ले सकते हैं, किसी भी प्रकार की ब्लैकमेलिंग से घबराएं नहीं और पुलिस व परिजनों के सहयोग से डटकर सामना करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमित चौहान ने कहा कि गेटवे कैबिनेट का गठन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में लीडरशिप की भावना जागृत करना है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ भविष्य में आने वाली कठिनाइयों का भी डटकर सामना करने के लिए बच्चों के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि बच्चे सभी चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। इस मौके पर संजय शर्मा, अजय राणा, प्रतिभा राज, सवेरा जैन, मनोरमा, रुचि डबास व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पुलिस चेकिंग में पुलिस के हाथ लगा शराब तस्कर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के समीप नहर पटरी से पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी तस्कर को जेल भेज दिया है। एसपी रामसेवक गौतम के आदेश पर गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस टीम सहित थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के समीप नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस के अनुसार एक युवक नहर पटरी पर आता दिखाई दिया जब पुलिस टीम ने उक्त युवक को रोक कर पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी युवक पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए आरोपी तस्कर को पकड़ लिया जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम कुर्बान पुत्र सबदर निवासी ग्राम गढ़ी दौलत बताया। शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

## रामपुर खेड़ी झगड़ा प्रकरण में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में पांच दिन पूर्व रुपए की लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने घायल पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी सोनू पुत्र चेतराम ने बताया कि पीड़ित ने गांव के ही अमरदीप पुत्र चांद सिंह को पांच हजार रुपए उधार दिए थे। आरोप है की गत दिवस सोमवार को गांव की बाबू की पुलिया के समीप खड़े युवक से अपने रुपए वापस मांगे थे। रुपये मांगने पर आरोपी ने अपने साथी मनोज पुत्र कृष्ण पाल के साथ मिलकर रुपए देने से मना करते हुए आग बबूला होते हुए गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गया था। शाम के समय पीड़ित अपनी झोपड़ी में बैठा हुआ था तभी आरोपी मनोज अपने पिता कृष्ण पाल अपने भाई सोनम और गौरव के साथ पहुंचे और हाथों में लाठी डंडे वह सरिया लिए हुए थे। आरोपियों ने आते ही पीड़ित के भाई मोनू और ताऊ गयासु पर जानलेवा हमला करते हुए जमकर मारपीट की थी। मारपीट के दौरान पीड़ित सहित तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

- शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अमित ने थाने पर तहरीर देते बताया कि कई वर्षों से उसकी भांजी गांव में रह रही है।

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को तीन युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ बाइक पर बिठाकर भगा ले गए। युवती के मामा ने तीन युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अमित ने थाने पर तहरीर देते बताया कि कई वर्षों से उसकी भांजी गांव में रह रही है। जिसका भरण पोषण वह कर रहा है। आरोप है कि गत पांच मई की रात्री मे पीड़ित ग्रामीण की भांजी को अनिल व अर्पित, आशीष निवासी ग्राम खुरगान थाना कैराना बहला-फुसलाकर घर में रखे नकदी व जेवर के साथ अपनी बाइक पर बैठा कर ले गये है। जानकारी होने के बाद पीड़ित परिजनों ने युवती व आरोपी बाइक सवार युवकों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके पश्चात पीड़ित व्यक्ति ने ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए आरोपियों के विरुद्ध नामजद शिकायत की है। पुलिस ने घटना के संबंध में तीन युवकों के विरुद्ध अपहरण का मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूरे बीरबल मे हाईस्कूल इन्टर के सफल छात्रो को प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम मे किया सम्मानित

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़** । लालगन्ज तहसील अन्तर्गत ग्राम सभा पूरे बीरबल मे युवा नितिन यादव ने प्रतिभा स्म्मान का आयोजन किया जिसमे ग्राम सभा के हाईस्कूल और इन्टरमीडिएट परीक्षा मे सफल छात्रो को सम्मानित किया गया।

प्रतिभा सम्मान समरोह के आयोजक नितिन यादव ने कहा कहा कि पूरे बीरबल ग्रामसभा के पुरवे शिक्षा मे बेहद पिछडे है । इन पुरवो की अशिक्षा ही है कि एकाध लोग ही बमुश्किल सरकारी नौकरी मे आ पाए ?। पीडा तो तब होती है जब पता है कि ओ बी सी एस टी को आरक्षण मिला हुआ है ।लेकिन आरक्षण कि वास्तविक तस्वीर पूरे बीरबल के पुरवो मे आकर देखी जा सकती है जहा युवा मनरेगा मे काम कर रहे है ईट भट्ट? मे काम कर रहे है टैक्सी चला रहे है मुम्बई गुजरात दिल्ली जा मजदूरी कर रहे है लेकिन एकाध ही होगे जो सरकारी नौकरी मे होगे चाहे वो ओ बी सी हो एस सी हो या फिर जनरल हो । जो दुर्भाग्यपूर्ण है और इस दुर्भाग्य का कारण है अशिक्षा या अल्पशिक्षा। इसीलिए हमने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जिससे बच्चो मे उत्साह बढे और वो शिक्षा की ओर अग्रसर हो । प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विशेस्वर यादव ने सफल छात्र प्रतिभाओ सुमित गुप्ता शिवाक यादव जया यादव प्रियंका गुप्ता प्रिया वर्मा करीना पटेल अकित वर्मा हसनैन व प्रियंका गौतम को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसके शिवकुमार गौतम, शंकर, प्रद्युमननाथ पटेल आदि साक्षी बने।

# मेडिकल स्टोर पर औचक छापेमारी से मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जनपद में नकली, अधोमानक, नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर सख्ती से अंकुश लगाने हेतु औषधि विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में कस्बा दढ़ियाल में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।

निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक को कस्बे का मोनू मेडिकल स्टोर खुला मिला, जबकि अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक अभियान की भनक लगते ही अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से फरार हो गए। मोनू मेडिकल स्टोर के निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच में पाया गया कि उक्त मेडिकल स्टोर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 एवं रूल्स 1945 के मानकों का पूर्णतः पालन नहीं पाया गया। औषधि निरीक्षक ने निरीक्षण रिपोर्ट मुरादाबाद मंडल के सहायक आयुक्त (औषधि) को प्रेषित कर दी है।

औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि संबंधित स्टोर को शीघ्र ही कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के विरुद्ध मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले तथा जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# विद्येश्वरी उड़ान सपनों की शानदार काव्य गोष्ठी

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** राजधानी की साहित्यिक व सामाजिक संस्था विद्येश्वरीङ्ख उड़ान सपनों की, ने मातृ वंदन के रूप में काव्यांजलि का आयोजन खाटू श्याम मंदिर दिल्ली धाम के सभागार में किया गया। विद्येश्वरीङ्ख उड़ान सपनों की संस्थापिका डॉ.सुषमा गर्ग सुमी की माता जी श्रीमती विद्या देवी की पुण्य तिथि पर आयोजित काव्यांजलि की अध्यक्षता प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि ,गीतकार जयसिंह आर्य ने की एवं मुख्य अतिथि नवीन गर्ग थे एवं सानिध्य खाटू श्याम मंदिर दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जवेरी का रहा । और विशिष्ट अतिथि के रु में थाना प्रभारी प्रभांशु जी, रिटायर्ड कमांडो डॉ रजनीश त्यागी , विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ शंभु पवाँर ,न्यू आर्ट्स कॉलेज प्रमुख विवेकानंद शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम का मनमोहक संचालन व संयोजन डॉ.सुषमा गर्ग और विशाल सिंह ने बखूबी निभाया ।संस्था संरक्षक डॉ शिवकुमार गर्ग व अशोक गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया ।काव्य गोष्ठी में हरेन्द्र प्रसाद यादव, गुस्ताख हिंदुस्तानी, नवीन भटनागर, राजेश श्रीवास्तव, डॉ रंजना अग्रवाल, डॉ अंजू उत्साही, मधु वशिष्ठ एवं अवधेश कनोजिया , पायल गोयल, एन जी खंडेलवाल, दीप्ति अग्रवाल, रजनी बाला, पूनम गोयल, राजेश लखेरया ने एक से बढ़कर एक शानदार रचनाओं की प्रस्तुति दे कर गोष्ठी में समा बांध दिया। कार्यक्रम में संस्थापिका डॉ.सुषमा गर्ग के पति अशोक गर्ग अपने परिवार के साथ मौजूद रहे। सभी कवियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।अंत में डॉ शिवकुमार गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# एसडीएम पिंडरा को हटाने की मांग को लेकर वकीलों ने किया हड़ताल

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद** । पिंडरा तहसील की एसडीएम प्रतिभा मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। पिंडरा तहसील एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता गुरुवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मुलाकात कर उन्हें एसडीएम प्रतिभा मिश्रा तथा न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाकर पत्रक सौंपा था, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया था कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों से बातचीत की जाएगी, उसके बाद निर्णय लिया जाएगा। परंतु अभी तक जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त अधिकारियों के विरुद्ध कोई निर्णय नहीं लिया गया। आरोपी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई न होने से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को पिंडरा तहसील में हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण वादकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिंडरा तहसील के अधिवक्ताओं ने बताया कि एसडीम प्रतिभा मिश्रा तथा न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ता अनिश्चितकाल हड़ताल करेंगे। जानले कि एसडीएम प्रतिभा मिश्रा की तानाशाही से अधिवक्ता के साथ फरियादी भी घोर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। एसडीएम प्रतिभा मिश्रा का तो ज्वलंत उदाहरण यह रहा कि इसी तहसील क्षेत्र के खड़खड़ी गांव निवासी किशन पांडे को पत्रकारों के समक्ष ही भड़क गई।

# ब्रेन सर्जरी है पहला कदम, असली सफर है रिकवरी



ब्रेन सर्जरी को दुनिया की सबसे जटिल सर्जरी में माना जाता है। यह एक ऐसा प्रोसीजर होता है जिसमें बारीकी, अनुभव और एडवांस टेक्नोलॉजी की जरूरत होती है। हालांकि आज के समय में इलाज के तरीके बहुत बेहतर हो गए हैं और सर्जरी के रिजल्ट भी पहले से अच्छे आने लगे हैं, लेकिन मरीज की असली जंग, सर्जरी के बाद शुरू होती है जब उसे दोबारा चलना, बोलना और सामान्य जीवन जीना सीखना होता है।

ब्रेन सर्जरी के बाद मरीज को सबसे पहले न्यूरो आईसीयू में रखा जाता है, जहां उसकी हालत पर बारीकी से नजर रखी जाती है। ऑपरेशन के बाद दिमाग कैसे रिस्पॉन्ड कर रहा है, ये जानना बहुत जरूरी होता है। शुरू में मरीज को कमजोरी, बोलने या देखने में परेशानी, या थोड़ा भ्रम जैसी दिक्कतें हो सकती हैं ये इस बात पर निर्भर करता है कि ऑपरेशन ब्रेन के किस हिस्से में हुआ है। कुछ ही दिनों में मरीज को बैठने और हल्का चलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि ब्लड क्लॉट या फेफड़ों में इन्फेक्शन जैसी दिक्कतें ना हों। डॉ. सुमित गोयल, न्यूरोसर्जरी और ग्रुप डायरेक्टर झ्र न्यूरोइंटरवेंशन, यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा का कहना है, ׅब्रेन सर्जरी के बाद का सफर आसान नहीं होता, लेकिन सही देखभाल, जल्दी शुरू हुई रिकवरी और परिवार का साथ मिल जाए तो मरीज दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है। हमने ऐसे कई मरीज देखे हैं जो ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से नॉर्मल जीवन जी रहे हैं यह इंसानी हौसले और आधुनिक चिकित्सा दोनों की जीत है। रिकवरी में फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी और मेमोरी ट्रेनिंग बहुत अहम रोल निभाती हैं। फिजियोथेरेपी से मरीज की ताकत और बैलेंस वापिस आता है, वहीं स्पीच थेरेपी उन लोगों की मदद करती है जिन्हें बोलने या निगलने में दिक्कत हो रही होती है। मेमोरी और ध्यान की ट्रेनिंग से ब्रेन की कार्यक्षमता में सुधार आता है। ब्रेन सर्जरी सिर्फ शरीर पर असर नहीं डालती, इसका भावनाओं पर भी गहरा प्रभाव होता है। कई मरीजों को ऑपरेशन के बाद घबराहट, मूड स्विंग, या डिप्रेशन जैसी समस्याएं होती हैं खासकर तब, जब सर्जरी दिमाग के उस हिस्से में हुई हो जो मूड और बिहेवियर को कंट्रोल करता है। काउंसलिंग, साइकोलॉजिकल सपोर्ट और मोटिवेशनल ग्रुप्स इस दौरान बहुत मददगार हो सकते हैं। परिवार और केयरगिवर्स की भूमिका इस सफर में बेहद अहम होती है।

# संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया डॉ० संदीप का जन्मदिवस

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी के जन्मदिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में एस.एम. टावर, झोकन बाग स्थित कार्यालय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और संध्याभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ० संदीप के समाजसेवी कार्यों से संघर्ष सेवा समिति नित नए आयाम को छू रही है एवं समिति परिवार व्यापकता ग्रहण करता जा रहा है। डॉ० संदीप बिना किसी से आर्थिक सहायता लिए कई वर्षों से लगातार अपनी दम पर समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं। अब तक वह सैकड़ो कन्याओं के विवाह में सहयोग कर चुके हैं साथ ही में शिक्षा, चिकित्सा, खेल क्षेत्र में भी लगातार धरातल स्तर पर कार्य कर रहे हैं। सुबह से ही डॉ० संदीप को जन्मदिवस की शुभकामनायें देने के लिए गणमान्य नागरिकों, मित्रों, संगठन के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों का तांता लगा रहा एवं जनपद में शुभचिंतकों द्वारा कई स्थानों पर होर्डिंग लगवाकर भी शुभकामनाएं दी गयीं। कई जगह डॉ० संदीप को जन्मदिवस पर केक काटने के लिए आमंत्रित किया गया, कार्यक्रम में शुभचिंतकों ने केक काटकर जन्मदिवस की खुशियां मनायीं। डॉ० संदीप एवं सदर विधायक पंडित रवि शर्मा एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के कर कमलों से सैकड़ों की संख्या में वृद्ध आश्रम की माताओं एवं संघर्ष सेवा समिति की महिला सदस्यों को साड़ियां वितरित की गयीं। वृद्ध माताओं द्वारा डॉक्टर संदीप को दीघार्यु एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। सदर विधायक रवि शर्मा ने डॉक्टर संदीप के समाजसेवी कार्यों की खुलकर सराहना करते हुए जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। देर शाम तक शुभचिंतकों का आवागमन बना रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतराम पेंटर, धर्मेंद्र गुर्जर, नितिन सरावगी, झाँसी मेयर बिहारी लाल आर्य की पुत्री भारती आर्य एवं दामाद गौरव प्रतीक, भूपेंद्र यादव, प्रीतम सिंह प्रेमी, जितेंद्र जीतू सोनी (अध्यक्ष व्यापार मंडल), प्रकाश नौगरैया (श्री गहोई समाज संरक्षक), रमेश गैस वाले (पंच), संजू डेंगरे, विशाल मैथले, टिल्लू गोस्वामी, अभिनंदन जैन (ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष), प्रदीप गुप्ता रानीपुर, अनूप खरे ओरछा, राज कपूर यादव, चेतन मसीह, मीना मसीह, भावभावना अग्रवाल, सचिन दुबे ललितपुर आदि रहे।

# ग्राम चौपाल आयोजित, सरकार की योजनाओं का किया गुणगान

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत डांगरोल मे नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत किवाना मे नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रितु रस्तौगी की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल मे सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार ने ग्राम वासियो को किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर आईडी, सोलर पम्प योजना, राजकीय बीज भण्डार पर किसानो को मिलने वाली सुविधा के साथ ही कृषि यंत्रीकरण व फसल अवशेष प्रबंधन, जल संरक्षण की जानकारी दी।

सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी) जी एस वर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत सीसीएल , युवा उधमी योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। फैमली आईडी बनवाने पर जोर दिया। पी एम आवास योजना अन्तर्गत सर्वे के बारे मे बताया। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अनिल कुमार ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओ वृद्धा पेन्शन, विधवा पेंशन, दिव्याग पेन्शन, सामुहिक विवाह अनुदान योजना आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी ।नामित नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत मे किये गये विकास कार्यो पर चर्चा की। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोदी कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी कॉलेज में पूर्व छात्र द्वारा बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स छात्रों को कलाई घड़ी देकर सम्मानित किया। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में मेधावी छात्र टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र और समारोह के मुख्य अतिथि राजेश शर्मा पूर्व सदस्य नेशनल काउंसिल आफ लीगल ट्रिब्यूनल द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 के के टॉपर छात्रों को कलाई घड़ी देकर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल के छात्र वंश शर्मा ने 600 में से 560 अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। उनके अभिभावकों के साथ छात्र को पटका व टाइटन की घड़ी मोमेंट देकर सम्मानित किया। इंटर के छात्र कुणाल ने 500 में से 416 अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी पटका व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दोनों छात्रों की माताओं को विद्यालय की जीव विज्ञान प्रवक्ता नीतू चौधरी अनीता अग्रवाल ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के पूर्व छात्र राजेश शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 1981 में इसी विद्यालय से हाई स्कूल 1983 मे इंटर कॉमर्स से विद्यालय में टॉप किया था, उसे समय टॉपर छात्रों को मैनेजमेंट द्वारा टाइटन की घड़ी देकर सम्मानित किया जाता था इस प्रथा को आगे बढाते हुए मैंने भी यह निर्णय लिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने उनको पटका व मोमेंट देकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया आप हमें और हमारे छात्रों को भी इसी तरह से प्रोत्साहित करते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, प्रवीण जैनर राजीव कुमार , राजीव सिंह पीटीआई धर्मवीर सिंह आदि का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि अगले सप्ताह विद्यालय में बड़े स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाले छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा ।विद्यालय के चेयरमैन डॉ डी के मोदी ने भी छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 4000 छात्र और100 शिक्षक व शिक्षिकाएं कर्मचारी वर्ग उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतीय छत्रिय महासभा मोदीनगर के तत्वाधान में महाराणा प्रताप की जयंती पर लोगों ने उन्हे अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मोदीनगर द्वारा बैंक कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप भवन में महाराणा प्रताप की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष समय सिंह सिसोदिया, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मयंक शर्मा नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा आदि ने वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम व दृढ़ प्रण की मूरत महाराणा प्रताप जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जी के बताए सिद्धांत और आदर्श आज भी युवा पीढ़ी के साथ साथ सभी को शिक्षित करते हैं । हमें उनके आदर्श और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समय सिंह सिसोदिया मुकेश चौहान ठाकुर बलदेव सिंह संदीप भरद्वाज जितेंद्र छोकर देवेंद्र सिसोदिया मोहन पुंडीर आदि लोग उपस्थित थे।

# पीयूष अरोड़ा को विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किया मनोनीत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री भिखारी प्रजापति जी ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर इंद्रदेव सिंह एवं मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा जी की सहमति से पीयूष अरोड़ा को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया पीयूष अरोड़ा लगभग 9 वर्ष से विश्व हिंदू महासंघ से जुड़े हैं पीयूष अरोड़ा को प्रांतीय अधिवेशन सम्मेलन प्रयागराज में महंत अवैद्यनाथ सम्मान से सम्मानित भी किया गया है। यह महंत अवैद्यनाथ सम्मान गौ रक्षा पीठेश्वर योगी आदित्यनाथ जी के गुरु जी के नाम से दिया जाता है।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षांत समारोह में 571 छात्रों को मिली डिग्री, खिले चेहरे

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद, ( अनिल वशिष्ठ )।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, साहिबाबाद में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह समारोह कॉलेज के सिल्वर जुबली वर्ष के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.पी. शुक्ला, संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. अजय कुमार, आकांक्षा अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार डॉ पंकज राणाद्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया ।समारोह में ए.के.टी.यू. से संबद्ध बी.टेक 2024 बैच के 571 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई ।इस दौरान मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जे.पी. पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आत्मविकास, निर्णय क्षमता और तकनीकी उन्नयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को स्वयं की चुनौतियों को स्वीकार कर उन्हें पार करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम श्लोक का उल्लेख करते हुए समझाया कि जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए। डॉ. पांडे ने कहा कि व्यक्ति को अपने निर्णयों पर अडिग रहना चाहिए, चाहे वे निर्णय सही साबित हों या गलत। किसी भी कार्य को करते समय डर या संकोच नहीं होना चाहिए और उसमें पूरी निष्ठा और संलग्नता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनौतियां और अवसर दोनों हमारे पास होते हैं, आवश्यकता केवल सतत प्रयास की होती है। लक्ष्य की प्राप्ति में सफलता या असफलता से अधिक महत्वपूर्ण है प्रयास की निरंतरता।

# न्यू हैवन इंटर कालेज में 66 बच्चों का टीकाकरण



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** न्यू हैवन इंटर कालेज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बच्चों का टीकाकरण किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अजय गंधर्व के निर्देश में सीमा देवी, अंजू देवी, कुसुम देवी, गुलजार त्यागी ने कक्षा पांच से दस तक के 66 बच्चों को टिटनेस में डिप्थीरिया के टीके लगाए। सिविल में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बीमारियों से बचाना एवं उनके प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है जिससे बच्चों का स्वास्थ्य स्वस्थ रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक नफीस अहमद, प्रधानाचार्य अशोक कुमार, डॉ अब्दुल कय्यूम, जाकिर हुसैन, इमरान अहमद, बरम सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# तुलसीराम माहेश्वरी विद्यालय मे दसवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति चेक प्रदान किए गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने कक्षा दसवीं 2024- 25 में 90% से अधिक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए वंशिका चौधरी, इशिका गर्ग, अभय जिंदल , युक्ति बंसल, अनन्या ,युवरा व नित्या अग्रवाल हो छात्रवृत्ति के रूप में रुपए 5000 /-के चेक वितरित किए गए। इससे पहले 2024 -25 का प्रथम छात्रवृत्ति चेक गत माह फरवरी को छात्र- छात्राओं को दिये गये थे ।प्रबंधक द्वारा प्रत्येक मेधावी छात्र-छात्रा को रुपए 10,000/- के चेक वितरित किए गए ।इस अवसर पर गौरव माहेश्वरी व श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने छात्र- छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी ।प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे इसी तरह से मेहनत करते रहे और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करते रहे।

# आईसीएससी व यूपी बोर्ड के दसवीं कक्षा के टॉपर्स का छाया स्कूल में प्रवेश लेने पर हुआ जोरदार स्वागत




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हाल ही में यूपी बोर्ड में आईसीएसई बोर्ड में सफल हुए दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों जिन्होंने छाया पब्लिक स्कूल जो सीबीएसई नई दिल्ली से समृद्ध है कक्षा 11वीं में प्रवेश लिया है। आज उनका व उनके अभिभावकों का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने बच्चों की ऐतिहासिक सफलता के लिए शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया मोदीनगर मुरादनगर के आसपास के बच्चे जो पहले यूपी बोर्ड व आईसीएसई बोर्ड में अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने आगामी कक्षाओं के लिए सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध हमारे छाया पब्लिक स्कूल को चुनाव किया जो हम सभी के लिए बेहद हर्ष का विषय है। आईसीएसई बोर्ड के सौम्या दहिया जिसने 98.80 प्रतिशत मार्क्स लेकर के शहर का नाम रोशन किया शानवी, अलंकृत त्यागी, लविष्का त्यागी, अर्पिता राघव, आकृति शर्मा, हर्षित ओम, कपिल, केशव सभी प्रतिभावान छात्रों व उनके अभिभावकों का फूल माला व मेडल पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त छात्र-छात्राएं व शिक्षक, शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थित मैं सफल कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# आत्म सुरक्षा व आपातकाल के लिए मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण दिया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल पॉक्सो एक्ट के तहत आत्म सुरक्षा व आपातकाल के लिए मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। तुलसीराम माहेश्वरी विद्यालय में पोक्सो एक्ट की अध्यक्ष श्रीमती अंजू शर्मा ने' पोक्सो एक्ट' अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं को प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के तहत गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। जिसके लिए छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, प्रतियोगिताएं आयोजित की। इसके साथ ही विद्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें कोर्डिनेटर देवेंद्र चौधरी ने युद्ध के दौरान आपातकाल की स्थिति से बचने के तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को घर के अंदर रहने, लाइट बंद रखने व सत्यापित जानकारी सांझा न करने की सलाह दी ।प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा और इन संवेदनशील परिस्थितियों में बचाव के तरीकों से जागरूक किया।

# नाबालिक लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों ने एसएसपी से लगाई गुहार

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पर नरौरा थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने नाबालिग लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर एक प्रार्थना पत्र एसएसपी दिनेश कुमार सिंह को सौपा। पीड़ित पिता के मुताबिक उनकी पुत्री की उम्र 14 वर्ष 3 माह है। गांव का ही एक युवक उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर बहला फुसला कर ले गया जिसके साथ उसके दो अन्य साथी भी शामिल है। इससे पहले भी यह युवक उनकी नाबालिक लड़की को बहला–फुसला कर ले गया था लेकिन पीड़ित ने लोकलाज की वजह से कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की थी।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में मैथ्स क्विज का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल धामपुर रोड नूरपुर ( बिजनौर ) में पाँचों हाउस सुभाष हाउस, गाँधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच मैथ्स क्विज का आयोजन हुआ। इसमें पांचों हाउस के कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

तेज हाउस से उदिशा, प्रियल, सांची, कार्तिक, संस्कार, प्रियांशी, काव्य, अभिनव, हर्षिता, परिधि आदि बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टैगोर हाउस से दक्ष, अफशा, शाल्वी रुद्राक्ष, माधव, जसप्रीत, इशांक, ओम, मिशा, सत्यम जानवी, पार्थ, प्रज्ञा आदि बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया। सुभाष हाउस से आरव, रिया, प्रभसीमरन, आलिजा, पेरिस, कुंज, अग्रिमा, सिदरा, ध्रुवी, प्रीत, सक्षम, तन्वी, दिया, पुलकित आदि बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भगत सिंह हाउस से आदित्य, शिवी, माधव, अनु, नैतिक, दीप्ति, प्रत्यक्ष, सुरभि, हंशु, अभिनव आदि बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गांधी हाउस से अब्दुल्ला, जितिन, सुरभि, हर्षवर्धन, कृति, हर्ष, मानवी आदि बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैथ्स क्विज का परिणाम मे प्रथम स्थान पर तेज हाउस, द्वितीय स्थान पर टैगोर हाउस, तृतीय स्थान पर सुभाष हाउस, चतुर्थ स्थान पर भगत सिंह रहा। प्रतियोगिता का संचालन कोओर्डिनेटर दीपक कुमार व अंशुल गोयल ने किया। विशाल वर्मा, विकास कुमार, अनिकेत वर्षा एंव अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# वीर क्षत्रिय राजा महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर:** राजा का ताजपुर के निकटवर्ती व विश्वसनीय विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल, रवाना शिकारपुर में वीर क्षत्रिय राजा महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने महाराणा प्रताप के बारे में अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप ने अपनी वीरता और दृढ़ संकल्प से न केवल मेवाड़ की रक्षा की बल्कि पूरे देश में स्वतंत्रता की भावना को प्रज्वलित कर दिया। वह देश के सबसे वीर योद्धाओं में से एक थे जिसके नाम से मुगल सम्राट अकबर भी काँपता था। प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने मुगलों के विशाल साम्राज्य के सामने झुकने से इनकार कर दिया था। ऐसे निडर और महान योद्धा सदियों में एक ही बार जन्म लेते हैं। ऐसे वीर योद्धा का नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देने वाले वीर को शत शत नमम। कार्यक्रम में छात्र यश ठाकुर, इकरा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रिंस कुमार राणा ने किया तथा विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित रोमांचक तथ्यों को बताकर उनमें देशप्रेम की भावना को बढ़ावा देने का कार्य किया।

# हिण्डन पुनरुद्धार अभियान को मिली रफ्तार जिलाधिकारी ने विभागों को दिए कड़े निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** हिण्डन नदी के पुनरुद्धार को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और नदी की वर्तमान स्थिति, प्रदूषण, अतिक्रमण और पुनरुद्धार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से की गई, जिसमें हिण्डन पुनरुद्धार से जुड़े विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जलकल विभाग (शहरी) द्वारा तैयार किए गए एसटीपी और नालों के नक्शों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी नालों की मैपिंग ऑनलाइन की जाए ताकि एकीकृत डेटा लेयरिंग के जरिए व्यापक प्लान तैयार किया जा सके। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, सिंचाई विभाग, जीडीए और नगर निकायों को आपसी समन्वय के साथ डेटा नेटवर्किंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि हिण्डन बेसिन क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर कठोर कदम उठाए जाएंगे। संबंधित उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देश दिया गया कि अतिक्रमण की सूची तैयार की जाए और हर तीन माह में उसे अपडेट किया जाए। साथ ही, नदी की भौगोलिक स्थिति और उसकी चौड़ाई के बारे में विस्तृत रिपोर्ट सिंचाई विभाग के सहयोग से तैयार की जाए। हिण्डन में तैर रही जलकुंभी और अन्य अपशिष्ट के निस्तारण के लिए सिंचाई विभाग को विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में नगर निगम के मुख्य अभियंता द्वारा छठ घाट पर रिवर फ्रंट डिवेलपमेंट का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मानकों के अनुसार रिपोर्ट तैयार कराने के बाद ही आगे बढ़ाने की बात कही।

# जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान का दिया भरोसा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान श्री मीणा ने प्रार्थियों के आवेदन न केवल पढ़े, बल्कि उनसे व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर मामलों की गहराई से जानकारी ली। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का निष्पक्ष और प्रभावी समाधान किया जाए और निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समाधान संतोषजनक है या नहीं। जनसुनवाई में पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, और घरेलू विवादों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लिया जाए और उनका निराकरण तय समयसीमा में किया जाए। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (भूमि अधिग्रहण) विवेक मिश्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस जनसुनवाई ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उन्हें सुनने तथा सुलझाने के लिए निरंतर तत्पर है।

# डीसीपी रूरल ने 21 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी ने अपने जोन में पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल करते हुए 11 चौकी प्रभारियों/दरोगाओं समेत कुल 21 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इस बदलाव के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों और चौकियों में अधिकारियों और कर्मचारियों के पदों पर बदलाव किए गए हैं, जिनमें लोनी बॉर्डर, ट्रोनिका सिटी, मसूरी और क्रासिंग रिपब्लिक समेत अन्य थाना क्षेत्रों के नाम शामिल हैं। इस फेरबदल के तहत लोनी बॉर्डर थाने में तैनात एसआई विनीत कुमार को चौकी प्रभारी निवाड़ी, ट्रोनिका सिटी थाने में तैनात प्रतीक कुमार को चौकी प्रभारी खन्ना नगर अंकुर विहार, चौकी प्रभारी खन्ना नगर धर्मेंद्र कुमार को लोनी बॉर्डर, चौकी प्रभारी पुश्ता ट्रोनिका सिटी दाराचंद को एसएसआई मोदीनगर और चौकी प्रभारी बंथला सुनील कुमार को चौकी प्रभारी पुश्ता ट्रोनिका सिटी के रूप में तैनात किया गया है। इसके अलावा, अन्य प्रमुख बदलावों में चौकी प्रभारी गोविंदपुरी मोदीनगर राजेंद्रपाल को चौकी प्रभारी बंथला, वेव सिटी थाने में तैनात राजकुमार शर्मा को चौकी प्रभारी गोविंदपुरी और एसएसआई मोदीनगर सरिता देवी को वरिष्ठ उपनिरीक्षक वेव सिटी के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, क्रासिंग रिपब्लिक थाने में तैनात मुकेश कुमार को मसूरी और संजीव कुमार को भोजपुर थाने में तैनात किया गया है। मसूरी थाने में तैनात राजेश बाबू का स्थानांतरण क्रासिंग रिपब्लिक थाने के लिए किया गया है। इसके अलावा, 10 मुख्य आरक्षी और आरक्षियों का भी तबादला किया गया है। यह फेरबदल पुलिस विभाग के कार्यों को बेहतर बनाने और थाना क्षेत्रों में पुलिस व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है।

# इन-सीटू योजना, कृषि यंत्रीकरण उप मिशन और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन पर हुई विस्तृत चर्चा, योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर तय हुए लक्ष्य

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिले में आधुनिक कृषि उपकरणों के वितरण और भारतीय प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने की।

बैठक में इन-सीटू (स्थल पर समाधान) योजना, कृषि यंत्रीकरण उप मिशन और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इन-सीटू योजना के अंतर्गत जिले को कुल 56 कृषि यंत्रों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसे विकास खण्ड स्तर पर समिति के निर्णय अनुसार विभाजित किया गया। इनमें 16 सुपर सीडर समेत 14 प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्र सम्मिलित हैं। इसी प्रकार कृषि यंत्रीकरण उप मिशन के अंतर्गत 161 कृषि यंत्रों का वितरण लक्ष्य प्राप्त हुआ, जिसमें रोटावेटर, लेजर भूमि समतलकर्ता, संयुक्त फसल कटाई यंत्र (कम्बाइन हार्वेस्टर) और कृषि यंत्र किराया केंद्र (कस्टम हायरिंग सेंटर) सहित कुल 24 प्रकार के यंत्रों का लक्ष्य तय किया गया। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अनुमोदन पर भी गहन चर्चा की गई। इस योजना के अंतर्गत कृषि सखी, कृषक प्रधान प्रशिक्षक, जैव इनपुट संसाधन केंद्र तथा स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थान का चयन किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। प्राकृतिक खेती के प्रभावी संचालन एवं निगरानी हेतु जनपद स्तरीय समितियों की भूमिका पर भी विचार किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी, सहायक आयुक्त, सहायक निबंधक, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में सतत और जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। कृषि यंत्रीकरण और प्राकृतिक खेती के समन्वय से न केवल कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि प्रणाली को भी सशक्त आधार मिलेगा।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही युद्ध जैसी स्थिति के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट डालकर देश की सुरक्षा को खतरे में डालने और साम्प्रदायिक माहौल को खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक और शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश के डीजीपी, श्री प्रशांत कुमार के निदेर्शों के बाद, राज्यभर में आधा दर्जन से अधिक स्पेशल टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें सोशल मीडिया पर हर समय निगरानी रखकर उन तत्वों को चिन्हित करेंगी, जो राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं और भ्रामक पोस्टों के जरिए समाज में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन टीमों का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे गलत सूचना और भड़काऊ सामग्री के प्रसार को रोकना है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद भी वर्तमान समय की परिस्थितियों को देखते हुए पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। गाजियाबाद पुलिस अब सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ नियमित पेट्रोलिंग और चेकिंग भी बढ़ा दी है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। वर्तमान में जहां देश की सुरक्षा की स्थिति संवेदनशील बनी हुई है, वहां पुलिस की यह मुहिम और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

# जुमे की नमाज के दौरान देश की सलामती और सेना की जीत के लिए मांगी गई दुआएं

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** शहर की मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान देश की सुरक्षा, शांति और भारतीय सेना की विजय के लिए विशेष दुआएं की गईं। इस्लाम नगर ईदगाह, एक मीनार मस्जिद, मरकज मस्जिद, मोती मस्जिद सहित जिले की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नमाज के दौरान मौलानाओं ने पाकिस्तान द्वारा भारतीय नागरिकों पर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे अमानवीय बताया। उन्होंने नमाजियों से प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की। मौलानाओं ने यह भी कहा कि अपने परिवारों को भी वर्तमान हालात से अवगत कराएं और अफवाहों से बचें। शहर काजी मसरूर अब्बासी ने कहा कि देश के मुसलमान भारत के साथ पूरी तरह एकजुट हैं और आतंकवाद को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है। मोहर्रम कमेटी के चेयरमैन हाजी चमन ने सेना पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारतीय सेना हर चुनौती का डटकर सामना करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा का सवाल राजनीति से ऊपर है और ऐसे समय में सभी को एकजुट होकर देश के साथ खड़ा होना चाहिए। हाजी चमन ने यह भी कहा कि इस्लाम में देशभक्ति को एक महत्वपूर्ण दर्जा दिया गया है और मुसलमान हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार हैं।

# एनकाउंटर में घायल हुआ शातिर चेन स्नैचर, दिल्ली भागकर वारदात से बचते थे बदमाश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक बड़ा पुलिस एनकाउंटर हुआ, जिसमें चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे एक बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर घायल कर दिया। इस मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान साहिल निवासी हापुड़ के रूप में हुई है, जो वर्तमान में खोड़ा क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। साहिल का साथी अमित फरार बताया जा रहा है। पूछताछ में सामने आया है कि दोनों बदमाश गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं से चेन, पर्स और मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम देकर तुरंत दिल्ली भाग जाते थे। इंदिरापुरम सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कौशांबी थाना प्रभारी अजय शर्मा अपनी टीम के साथ गुरुवार देर रात वाहनों की नियमित चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान वैशाली कट की ओर से एक स्कूटी सवार युवक काफी तेज रफ्तार में आता दिखाई दिया। उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने रुकने के बजाय स्कूटी मोड़ ली और तेजी से भागने लगा। पुलिस को शक हुआ और उन्होंने उसका पीछा किया। भागते समय स्कूटी सवार ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो बदमाश के दाहिने पैर में लगी। घायल बदमाश को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मौके से एक लूटी हुई सोने की चेन, एक स्कूटी और एक तमंचा बरामद किया है।

पूछताछ में साहिल ने खुलासा किया कि वह और उसका साथी अमित मिलकर खोड़ा और कौशांबी क्षेत्र में लगातार लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# महिलाओं के खिलाफ छेड़छाड़ और लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में एफआईआर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर 3 ए की एक सोसायटी में महिलाओं ने एक सिरफिरे युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए स्नढ्ढक्र दर्ज कराई है। वहीं, ट्रांस हिंडन क्षेत्र के टीला मोड में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप एक युवक पर लगाया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सेक्टर 3 ए, वैशाली स्थित एक सोसायटी में महिलाओं ने बिल्डिंग में रहने वाले युवक पंकज बिस्ट के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि पंकज बिस्ट उन्हें और सोसायटी की अन्य महिलाओं को आते-जाते समय लगातार छेड़ता है और अश्लील कमेंट पास करता है। कई बार तो इस युवक ने जबरदस्ती करने की कोशिश भी की है। पीड़िता ने पहले भी इस मामले में शिकायत की थी, और आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए ऐसा न करने का वादा किया था, लेकिन उसकी हरकतें बढ़ती जा रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अपने पिता की शह पर यह सब कर रहा है और सोसायटी के गेट पर डॉग भी बांध रखा है, जिससे कई बार बच्चों को चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी पंकज बिस्ट के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अन्य पीड़ित महिलाओं के बयान भी लिए गए हैं। वहीं, ट्रांस हिंडन क्षेत्र के टीला मोड में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसके परिवार के सामने रहने वाले रिजवान नामक युवक ने उसकी 20 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का प्रयास किया।

# महिला से बाइक सवार बदमाशों ने लूटी सोने की चेन


**मोदीनगर।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर कृष्णा नगर कॉलोनी के पास गुरुवार देर शाम को कीर्तन में जा रही महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने महिला को धक्का दे दिया, जिसके कारण वह घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना के समय नगर की उमेश पार्क कॉलोनी निवासी पूनम रानी, पत्नी बिजेन्द्र कुमार, कृष्णा नगर कॉलोनी में चल रहे कीर्तन में भाग लेने जा रही थी।

# सोसायटी में गीला और सूखा कूड़ा अलग करने के लिए नगर निगम से की जाएगी बैठक

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आरडब-एक जूम मीटिंग में यह निर्णय लिया कि 31 जुलाई से पहले सभी सोसायटी को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने की व्यवस्था करनी होगी। इस निर्णय के तहत कर्नल त्यागी ने नगर निगम से अनुरोध करने की बात कही कि वे प्रत्येक बहुमंजली इमारत के लिए दो बड़े डस्टबिन उपलब्ध कराए, ताकि लोग गीला और सूखा कूड़ा सही तरीके से अलग कर सकें। कर्नल त्यागी ने कहा कि गीले कूड़े की कम्पोस्टिंग स्थानीय स्तर पर की जा सकती है, या फिर उसे नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन गाड़ी के गीले कूड़े के कंपार्टमेंट में डाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर निगम के साथ एक बैठक भी की जाएगी। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सोसायटी ने इस व्यवस्था का पालन नहीं किया, तो नगर निगम उनका कूड़ा उठाने से मना कर सकता है, साथ ही जुमार्ना भी लगा सकता है। इस मीटिंग में कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें धर्मेंद्र खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल, डॉ. ऋचा सूद, राजीव अग्रवाल, डॉ. आरके आर्या, विनय गुप्ता, डॉ. विनीत अग्रवाल, अंजू शर्मा, दीपक जोशी, धर्मेंद्र त्यागी, संजय गुप्ता, राज शर्मा, बलदेव सिंह, गोपाल माहेश्वरी, अनुज त्यागी, मनीष त्रिपाठी, आकाश त्यागी, अनुरंजन त्यागी, बीपी गुप्ता, केएल मल्होत्रा, शीतल अरोरा, धर्मेंद्र सिसौदिया, रमा त्यागी, संध्या त्यागी, मोहनलाल गौड़ आदि शामिल थे।



# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**लोनी।** थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र स्थित मीरपुर हिंदू गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक ने कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मीरपुर हिंदू निवासी 22 वर्षीय आरीम, जो ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कपड़े की फैक्टरी में सिलाई का काम करता था, ने ये कदम उठाया। परिजनों के अनुसार, आरीम गुरुवार रात को कमरे में सोने चला गया था। शुक्रवार सुबह करीब सवा छह बजे उसकी पत्नी की आंख खुली और उसने देखा कि पति पंखे में दुपट्टे से लटक रहा था। चीखने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने फंदा खोलकर उसे नीचे उतारा। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।